आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 351- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## अंतरिक्ष यात्रा के लिए मिली सीट दोस्त को दे दी

**केप केनरवल ( अमेरिका )।** अमेरिका के एक पायलट ने पिछले साल स्पेसएक्स द्वारा पर्यटकों को ले जाने वाले अंतरिक्ष यान में मिली सीट अपने एक दोस्त को दे दी। कायली हिप्पाचेन को मूल रूप से यह प्रस्ताव मिला था, जिन्होंने अपनी सीट अपने कॉलेज के सहपाठी को दे दी। फ्लोरिडा निवासी कैप्टन, हिप्पाचेन (43), ने हाल में अपनी कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि वह उस वक्त निराश हो गये, जब उन्हें पता चला कि उनका वजन, स्पेसएक्स के वजन की 250 पाउंड (113 किग्रा) की सीमा से अधिक है और उनका प्रस्ताव एक ऐसे व्यक्ति को हस्तांतरित कर दिया गया है, जिनके बारे में जानकर उन्हें खुशी होगी। चार महीने बाद, उन्हें पता चला कि 50 से कम लोग जानते थे कि वह इस अभियान के लिए वास्तविक विजेता थे। उनकी सीट एवरेट, वाशिंगटन में डेटा इंजीनिर, क्रिस सेमब्रोस्की (42) को दे गई। वे दोनों 1990 की दशक की शुरूआत में एम्ब्रे रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान एक ही कमरे में रहते थे।

## विवादित बयान देकर फंसी श्वेता तिवारी, एफआइआर दर्ज



**भोपाल।** श्वेता तिवारी भोपाल में एक वेब सीरीज के प्रमोशन के दौरान भगवान के बारे में आपत्तिजनक बयान देकर मुश्किलों में फंस गई हैं। उनके बयान का वीडियो वायरल होने के बाद जहां उन्हें इंटरनेट मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है, वहीं अब उनके खिलाफ इस मामले में राजधानी के श्यामला हिल्स थाने में एफआइआर भी दर्ज हो गई है। श्वेता के खिलाफ धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के आरोप में भादवि की धारा 295अ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि पीर गेट निवासी सोनू प्रजापति नामक शख्स की शिकायत पर श्वेता के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है।गौरतलब है कि 26 जनवरी को शहर के एक प्रतिर्षठित होटल में वेब सीरीज के प्रमोशन के दौरान मीडिया के साथ बातचीत में श्वेता ने कैजुअली अंदाज में कहा था कि मेरी ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं। दरअसल उन्होंने यह बात वेब सीरीज में अपने सह-अभिनेता सौरभ राज जैन को लेकर कही थी, जो कि च्देवो के देव महादेवज् समेत कुछ अन्य धारावाहिक में भगवान का किरदार निभा चुके हैं। लेकिन श्वेता को यह मजाक बहुत भारी पड़ा।

## राहत ...खत्म हो रहा कोरोना



# केस घटे तो कहीं शुरू हुई शराब बिक्री तो कहीं हटाया गया कर्फ्यू

नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में कोरोना के केस घटने लगे हैं। इनमें दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु जैसे कुछ बड़े राज्य भी शामिल हैं। केस घटने के साथ ही कोरोना महामारी के खात्मे की उम्मीद भी जगने लगी है। यही कारण है कि विभिन्न राज्यों ने कोरोना नियमों में छूट देना भी शुरू कर दिया है। दिल्ली के बाद ताजा खबर महाराष्ट्र और दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु से आ रही है। महाराष्ट्र में कुछ नियमों के साथ शराब की बिक्री शुरू कर दी गई है, वहीं तमिलनाडु में जनता को अब सनडे लॉकडाउन का सामना नहीं करना पड़ेगा। महाराष्ट्र कैबिनेट ने राज्य में सुपरमार्केट और वॉक-इन दुकानों पर शराब की बिक्री की अनुमति देने का प्रस्ताव पारित कर दिया है।

## 24 घंटे में 2.48 लाख नए केस, 624 मौतें

देश में गुरुवार को 2 लाख 48 हजार 653 नए कोरोना संक्रमित मिले। इस दौरान 3.8 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 624 लोगों की मौत हुई। इससे एक दिन पहले बुधवार को 2,86,384 लोग संक्रमित मिले थे और 573 लोगों की मौत हुई थी। पिछले दिन के मुकाबले 37,731 कम संक्रमित मिले हैं यानी नए केस में 13त्न की कमी देखी गई है।फिलहाल देश में एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 20.97 लाख है। महामारी की शुरुआत से अब तक देश में करीब 4.06 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इस बीच, 8 राज्यों और ञ्ज में कोरोना के हालात पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया समीक्षा बैठक करेंगे। शुक्रवार को होने वाली बैठक में ओमिक्रॉन से निपटने को लेकर मेडिकल तैयारियों का जायजा लिया जाएगा।

## प्रमोशन में आरक्षण पर आ गया सुप्रीम फैसला

# अब राज्यों के पाले में गेंद

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिनिधत्वि संबंधी वास्तविक आंकड़े जुटाए बिना अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के मानदंड में किसी प्रकार की छूट देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने कहा कि आरक्षण देने से पहले प्रतिनिधत्वि की अपर्याप्तता पर मात्रात्मक आंकड़े एकत्र करने के लिए राज्य बाध्य है।**

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव के नेतृत्व वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, एम नागराज (2006) और जरनैल सिंह (2018) में अदालत के फैसले के अनुसार राज्य मात्रात्मक डेटा एकत्र करने के लिए बाध्य है। संपूर्ण सेवा के लिए प्रत्येक श्रेणी के पदों के लिए डेटा का संग्रह होना चाहिए। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के पदों के प्रतिशत का पता लगाने के बाद आरक्षण नीति पर फिर से विचार करने के लिए एक समय अवधि निर्धारित करनी चाहिए। अदालत ने कहा, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए समीक्षा की जानी चाहिए। समीक्षा की अवधि एक उचित अवधि होनी चाहिए और इस अवधि को तय करने के लिए सरकार पर छोड़ दिया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रमोशनल पदों पर आरक्षित वर्ग के प्रतिनिधित्व की कमी का आकलन राज्यों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट आज लंबे समय से लंबित सरकारी नौकरी में प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर आज अपना फैसला सुना दिया है। सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति (स्ष्ट) और अनुसूचित जनजाति (स्ञ्ज) को प्रमोशन में आरक्षण देने के मुद्दे पर सुनवाई पूरी हो चुकी थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल, अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल बलबीर सिंह और विभिन्न राज्यों की ओर से पेश हुए अन्य वरिष्ठ वकीलों सहित सभी पक्षों को सुना था। केंद्र सरकार ने पीठ से कहा था कि



यह सत्य है कि देश की आजादी के 75 साल बाद भी एससी-एसटी समुदाय के लोगों को अगड़े वर्गों के समान मेधा के स्तर पर नहीं लाया गया है। पीठ ने इस मामले पर सुनवाई पूरी करते हुए 26 अक्टूबर 2021 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## विधायकों के निलंबन को S C ने बताया असंवैधानिक, मनमाना, बढ़ेगी सियासी टसल



नई दिल्ली। महाराष्ट, में 12 भाजपा विधायकों के निलंबन पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के इस फैसले को असंवैधानिक और मनमाना करार देते हुए खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि विधानसभा किसी भी विधायक को सत्र की अवधि के बाद निलंबित नहीं रख सकती। मामले में भाजपा की बड़ी जीत होने के बाद प्रदेश में सियासी घमासान बढ़ सकता है। भाजपा ने यहां उद्धव ठाकरे सरकार की बड़ी हार करार दिया है, वहां सत्ता पक्ष फैसला की प्रति मिलने के बाद ही प्रतिक्रिया देने की बात कह रहा है।पीठासीन अधिकारी के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने के आरोप में महाराष्ट विधानसभा अध्यक्ष ने 12 विधायकों को 5 जुलाई, 2021 से विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया था।

# खाते में आ सकते हैं दो लाख रुपये

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी!

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में जल्दी ही बढ़ोतरी की घोषणा हो सकती है। इसके साथ ही उनके 18 महीने के बकाया डीए पर भी बड़ा ऐलान किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में 2 लाख रुपये तक आ सकते हैं। इससे एक करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 18 महीने यानी एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच डीए का भुगतान नहीं किया है। कर्मचारी लंबे समय से इसके भुगतान की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार जल्दी ही इस बारे में फैसला ले सकती है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों को एकमुश्त महंगाई भत्ते का भुगतान किया जा सकता है। अगर मोदी सरकार कर्मचारियों के बकाये भत्ते के भुगतान पर फैसला करती है तो केंद्रीय कर्मचारियों को 2 लाख रुपये तक का फायदा होने की उम्मीद है। लेवल-1 के कर्मचारियों का डीए एरियर 11880 रुपये से लेकर 37554 रुपये तक है।



इसी तरह लेवल-13 और लेवल-14 के कर्मचारियों को डीए एरियर के रूप में 144200 रुपये से 218200 रुपये तक मिल सकते हैं।इस बारे में वित्त मंत्रालय, नैशनल काउंसिल ऑफ ज्वाइंट कंसल्टेटिव मशीनरी और डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेंनिग के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। माना जा रहा है अगले कुछ दिनों में कैबिनेट सेक्रेटरी के साथ इस मसले पर बात हो सकती है।

## रहस्य : आकाशगंगा में दिखा डरावना चक्र

# हर 18 मिनट में दिखकर हो जाता है गायब, चिंता में खगोलविद

**नई दिल्ली।** आकाशगंगा में खगोलविदों को एक ऐसा डरावना और रहस्यमयी चक्र (वस्तु) नजर आया है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया। यह इतना विचित्र है कि हर 18 मिनट में दिखकर गायब हो जाता है, जिसके चलते वैज्ञानिक इसकी पहचान का दूर-दूर तक कोई अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं।यही वजह है कि शुरुआत में इसे एलियन मानकर शोधकर्ता चिंता में पड़ गए थे, लेकिन फिर यह सही साबित नहीं हुआ। एक शोध के दौरान इस वस्तु को देखने वाले ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं का कहना है कि तेजी से घूमती यह चक्राकार आकृति धरती से चार हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित है, जो न सिर्फ बहुत चमकदार है बल्कि इसका चुंबकीय क्षेत्र बेहद मजबूत है।



यह हर घंटे में तीन बार भारी मात्रा में रेडियो ऊर्जा फेंक रही है। नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, इस चक्र को हमारी आकाशगंगा में रेडियो वेव सर्वे के दौरान एक यूनिवर्सिटी शोधकर्ता ने पकड़ा था। यह 'शैतानी' वस्तु न तो कोई सुपरनोवा है और न ही पल्सर, जिसके चलते इसे फिलहाल कोई नाम देना असंभव-सा हो गया है। हालांकि, इसकी पड़ताल के लिए ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है।






# बिहार बंद , हंगामा, आगजनी, ट्रेन रोकी

**पटना।** आरआरबी-एनटीपीसी रेलवे भर्ती परीक्षा को लेकर बवाल के बाद केंद्र सरकार ने छात्रों की सभी मांगें मान ली हैं। इसके बावजूद आज बिहार बंद का आयोजन किया गया है। पटना, गया, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा सहित बिहार के सभी बड़े शहरों में सुबह से ही जगह-जगह रास्तों को जाम कर दिया गया है। कहीं सड़कों पर टायर जलाए जा रहे हैं तो कहीं नारेबाजी की जा रही है। हालांकि, छात्रों के इस आंदोलन को अब विपक्ष ने लपक लिया है। सड़कों से छात्र नदारद हैं तो राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी, कांग्रेस और लेफ्ट के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं।

## भारत के साथ सीमा विवाद पर चीन की राय

# अमेरिका न दे दखल



## बोला- हम दोनों पड़ोसी सुलझा लेंगे मसला

**बीजिंग ।** भारत के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर चीन के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका को इसमें दखल नहीं देना चाहिए। दोनों पड़ोसी देश द्विपक्षीय ढंग से मसले को सुलझा लेंगे। दरअसल चीन द्वारा लद्दाख क्षेत्र में मनमाने ढंग से निर्माण कार्यों पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। अन्य पड़ोसी देशों के साथ भी चीन के विस्तारवादी कदमों को लेकर अमेरिका व अन्य पश्चिमी देश उसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर चीन पर दबाव बढ़ रहा है। चीन ने यह भी कहा कि वह और भारत नहीं चाहता है कि कोई तीसरा पक्ष सीमा विवाद को लेकर मध्यस्थता न करे। हालांकि चीन के इस बयान पर भारत ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारत के साथ सीमा समस्या द्विपक्षीय मसला है। उसने इस बयान को लेकर अमेरिका की आलोचना की कि चीन भारत समेत अपने पड़ोसियों को मजबूर कर रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा, कुछ अमेरिकी राजनीतिज्ञ च्दमनज् शब्द के इस्तेमाल के इतने आदी हो चुके हैं कि वे भूल जाते हैं कि अमेरिका ही च्दबाव की कूटनीतिज् का आविष्कारक और बड़ा खिलाड़ी है। कियान ने कहा कि चीन न तो किसी पर दबाव डालता है और न ही किसी के दबाव में आता है। वह अमेरिका की दबाव की कूटनीति का मजबूती से विरोध करता है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को अपनी मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ निकट संपर्क में रह कर सीमा विवाद सुलझा लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बीते दिनों जापान के पीएम किशिंदा के साथ 80 मिनट की वर्चुअल मीटिंग में चीन को चेतावनी दी थी।

## अब नियोकोव ने डराया हर तीन में से एक की मौत की आशंका

**नई दिल्ली ।** चीन के वुहान के वैज्ञानिकों ने अब नए कोरोना वायरस नियोकोव को लेकर डराने वाली खबर दी है। 2019 में समूची दुनिया में वुहान से ही कोरोना वायरस फैला था। अब वहां के वैज्ञानिकों ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका में नए प्रकार का कोरोना वायरस चनियोकोवज् मिला है। इसकी संक्रमण व मृत्यु दर दोनों ही बहुत ज्यादा है। इसके संक्रमित हर तीन व्यक्तियों में से एक की जान जा सकती है। वुहान के वैज्ञानिकों के इस दावे को रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने जारी किया है। पूरी दुनिया पहले ही कोरोना के खौफ से भयभीत है। इसके ओमिक्रॉन व डेल्टा वैरिएंट कहर बरपा रहे हैं। ऐसे में चनियोकोवज् से चिंता और बढ़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निओकोव वायरस नया नहीं है।



## अमेरिका-कनाडा बॉर्डर के पास मृत मिले 4 भारतीयों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** हाल ही में अमेरिका-कनाडा बॉर्डर पर ठंड से जमकर 4 भारतीयों की मौत हुई थी। अब इन सभी चार लोगों की पहचान हो गई है। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य थे, जो 19 जनवरी को कनाडा-अमेरिका सीमा से लगभग 12 मीटर दूर मैनिटोबा के इमर्सन के पास मृत मिले थे। कनाडा के अधिकारियों ने बताया कि परिवार कुछ समय से देश में था और उन्हें कोई गाड़ी में सीमा पर ले गया था। मामला मानव तस्करी का प्रतीत होता है। मैनिटोबा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान जगदीश बलदेवभाई पटेल (39), वैशालीबेन जगदीशकुमार पटेल (37), विहांगी जगदीशकुमार पटेल (11) और धर्मिक जगदीशकुमार पटेल (3) के तौर पर हुई है।

# लापरवाह अफसरों को कलेक्टर की फटकार



## महिला एवं बाल विकास विभाग के दस परियोजना अधिकारियों की रोकी वेतन वृद्धि

जबलपुर,यशभारत। स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास अधिकारियों के साथ कलेक्टर ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान मातृ एवं शिशु कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ डा. सलोनी सिडाना, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रत्नेश कुररिया, सिविल सर्जन डा. राजकुमार चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एमएल मेहरा सहित सभी बीएमओ, सीडीपीओ भी मौजूद थे।कलेक्टर ने बैठक में शिशु एवं बाल कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं में अच्छे परफार्मेंस के लिए स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी स्तर के अमले के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि न केवल कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनके पोषण स्तर में सुधार लाने की जिम्मेदारी दोनों विभागों के मैदानी अमले को लेनी होगी बल्कि कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को शासकीय योजनाओं का फायदा देने का भी प्रयास करना होगा।

### लापरवाहों की रोकी वेतनवृद्धि

कलेक्टर ने बैठक में मातृ एवं शिशु कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मानीटरिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले की समय-समय पर बैठक करने पर जोर दिया। वहीं योजनाओं का लागू करने के काम में लापरवाही करने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के दस परियोजना अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। वहीं बैठक में एल्गिन अस्पताल के अधीक्षक डा. आरके खरे के न आने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और उनकी वेतनवृद्धि रोकने के साथ बिना अनुमति के अवकाश पर जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक न करने पर चिकित्सा अधिकारी बरगी की भी एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए



## कैंट विधानसभा क्षेत्र

# विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक

जबलपुर यश भारत। शुक्रवार को सर्किट हाउस क्रमांक एक में कैंट विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशोक रोहाणी और नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ के बीच एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कैंट विधानसभा क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन के रुके हुए काम के साथ आगामी प्रोजेक्ट को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं विधायक अशोक रोहाणी के माध्यम से नगर निगम कमिश्नर के सामने रखी। जिसको लेकर नगर निगम कमिश्नर ने विकास कार्यों में तेजी लाने की बात कही। वही अधूरे पड़े प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक द्वारा कई स्थानों पर नवीन स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ-साथ सीवर लाइन के कामों को जल्द पूरा करने का जोर दिया। साथ ही रीस्टोरेशन के काम को भी समय रहते गुणवत्ता के साथ करने की बात कही ।कुछ भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस शासनकाल के दौरान रोके गए कामों का भी मुद्दा उठाया जिसको लेकर नगर निगम कमिश्नर ने अस्वस्थ किया कि उन्हें भी जल्द से जल्द प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी नगर उपाध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सोनू बचवानी, दामोदर सोनी, गुल्लू दुबे, संजय वर्मा, आशीष राव, गुड्डा केवट, संजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सेवा का सम्मान

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित मुख्य ध्वजारोहण समारोह के दौरान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री वह जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा जबलपुर जिले में पदस्थ जिला सूचना अधिकारी आशीष शुक्ला की उत्कृष्ट सेवाओं और कार्य के प्रति निभाए गए उनके दायित्व के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर कर्मवीर शर्मा व एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। जानकारी के मुताबिक और कोरोना प्रबंधन से जुड़े कार्यों मतदाता सूची संबंधित कार्यों के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर उपार्जन के कामों में उनका तकनीकी सहयोग सराहनीय रहा है जिसके चलते आम लोगों को घर बैठे ऑनलाइन जानकारियां समय पर सही तरीके से प्राप्त होती रहती हैं ।सम्मान को लेकर श्री शुक्ला ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों वह सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## डॉक्टर शुभम अवस्थी हुए सम्मानित

### (मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी रत्नेश कुरारिया ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया)

जबलपुर। कोरोना की तीनों लहरों में बिना जान की परवाह किये निस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले चिकित्सक डॉक्टर शुभम अवस्थी द्वारा विगत 2 साल से कोरोना के खिलाफ जारी जंग में पूर्ण समर्पण भाव से अपना योगदान दिया जा रहा है श्री अवस्थी द्वारा अब तक लगभग 5000 से ज्यादा कोरोनावायरस से पीड़ित व्यक्तियों को ठीक करने में अहम भूमिका निभाई गई है इसके अतिरिक्त पूरे जिले में हो रहे और उन्हें उपचार, फीवर क्लीनिक टेस्टिंग सेंपलिंग आदि में भी डॉक्टर अवस्थी द्वारा समर्पण भाव से मॉनिटरिंग कर अपनी हम भूमिका का निर्माण कर रहे हैं, गणतंत्र दिवस के अवसर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी श्री रत्नेश कुरारिया ने इनकी समर्पण भाव एवं संवेदनशील जिम्मेदारियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। ,,



## प्रेरणा- बस्ती में संचालित स्लम पाठशाला के लिए सुखदु :ख परिवार करेगा प्रयास

### परिवार के सदस्यों ने विजिट करके जानी शिक्षा संबंधी समस्याएँ

जबलपुर यश भारत। 10 सुशिक्षित युवाओं के द्वारा मनमोहन नगर अस्पताल के पीछे बस्ती में संचालित स्लम पाठशाला संचालित की जा रही है गरीब तबके मैं शिक्षा का स्तर सुधारने और मुख्यधारा से जोड़ने की यह एक अनुकरणीय पहल है। यहां पर्याप्त साधन संसाधनों की कमी के कारण अध्यनरत बच्चों और शिक्षकों को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में अब सुखदु:ख परिवार इनकढ़ाई के लिए उचित स्थान के साथ साथ शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन की भी व्यवस्था की जाएगी। परिवार के सदस्यों ने विजिट कर यहां की समस्याओं को समझा और उन्हें सुलझाने का बीड़ा भी उठाया।



## उद्योग न्यायालय द्वारा विद्युत फेडरेशन के चुनाव अवैध घोषित

जबलपुर। मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन एक मान्यता प्राप्त संगठन है जिस की कार्यकारिणी का चुनाव 27 मार्च 2008 को संपन्न हुआ था तदनुसार पंजीयक द्वारा पदाधिकारियों की सूची पंजीबद्ध की गई की थी दिनांक 11 /फरवरी/ 2011 को तत्कालीन महा मंत्री डी पी पाठक का आकस्मिक निधन हो जाने का फायदा लेने के उद्देश्य संघ के वीरेंद्र दीक्षित एवं बी डीगौतम द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर दिनांक 5/6/20 11 को चुनाव कराकर संघ के पदाधिकारियों को सूचित किया एवं पंजीयक पर दबाव बनाकर उपरोक्त उपरोक्त फर्जी कार्यकारिणी को रजिस्टर्ड करा लिया दिनांक 4/8/2011को करा लिया जिसे संघ के अन्य पदाधिकारी यों के द्वारा जिसमें सर्वश्री एम जी सक्सेना सुनील कुरेले द्वारा माननीय औद्योगिक न्यायालय जबलपुर के समक्ष चुनौती दी दी गई श्री सक्सेना एवं कुरेले द्वारा दिए गए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर माननीय उद्योग न्यायालय द्वारा दिनांक 19 /1/ 2022 को आदेश पारित कर वीरेंद्र दीक्षित एवं बी डी गौतम द्वारा कराए गए संघ के चुनाव अवैध घोषित किए घोषित किए गए एवं पंजीबद्ध पदाधिकारी की सूची दिनांक 4-08 2011 को अवैध घोषित किया गया है।

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कुछ समय के लिए रुकी

## आयोग ने बिजली दरों को बढ़ाने नए नियम के तहत याचिका दायर करने को कहा

**जबलपुर यशभारत।** मध्य्य प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को बिजली दरों में होने वाली संभावित बढ़ोतरी से कुछ समय के लिए राहत मिल गई है। मप्र विद्युत नियामक आयोग ने बिजली दरों को ब ?ाने संबंधी दायर याचिका को नए नियम के अनुसार संशोधित कर पेश करने के आदेश दिए हैं। मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी सहित प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने बिजली दरों को बढ़ाने जाने को लेकर आयोग के समक्ष याचिका दायर की थी।

### 30 नवंबर को लगाई थी याचिका

मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने एक अप्रैल 2022 से बिजली की नई दरों को लागू कराए जाने की तैयारी कर ली थी। इसके लिए दावा-आपत्तियां भी मंगाई जा चुकी थीं। अपना पक्ष मजबूत करने के लिए केविएट भी दायर की गई थी।

मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 30 नवंबर 2021 को इस संबंध में याचिका लगाई थी। इसके बाद तीन दिसंबर 2021 को नियम एवं शर्तों के अधिनियम का नया एक्ट लागू कर दिया गया। इस तरह से आयोग के समक्ष 30 नवंबर को लगाई याचिका पर वैधनिकता का संकट खड़ा हो गया। इसकी वजह से नियामक आयोग ने मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी की याचिका यह कहते हुए उसे लौटा दी कि वो नए रेग्यूलेशन (नियम) के अनुसार याचिका में आवश्यक संशोधन करके पुनरू उसके समक्ष प्रस्तुत करे।



### अब यह होगा असर

याचिका वापस कर दिए जाने के मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी अब एक अप्रैल 2022 से बिजली की नई दरें लागू नहीं कर पाएगी। उसे याचिका लगाने के लिए सिरे से दावे-आपत्तियां मंगवानी पड़ेंगी। नए एक्ट के अनुरूप याचिका में संशोधन भी करना पड़ेगा। इस पूरी प्रक्रिया में कम से कम तीन माह लग जाएंगे। इसके बाद आयोग याचिका स्वीकार करेगा और उस पर सुनवाई होगी। जानकारों का मानना है कि आयोग के ताजा निर्देश के चलते लोगों को तीन से चार महीनों की राहत मिल सकती है। हालांकि, इसके बाद उन्हें आयोग की ओर से सुनिश्चित की गई नई दरों के अधार पर ही बिजली-बिलों का भुगतान करना पड़ेगा।

# सुरक्षा निर्माणियों मे आसानी से मिलेगी भविष्य निधि

**जबलपुर यशभारत।** निगमीकरण के बाद सुरक्षा निर्माणियों का हिसाब किताब रक्षा लेखाअलग कर स्थानीय सुरक्षा इकाइयों को वित्तीय अधिकार सौपें जाने के बाद सुरक्षा कर्मचारियों को भविष्य निधि से अपना पैसा निकालने के लिए परेशानियों का सामना करना प? रहा था।नई इकाइयों के सामने हमेशा ही वित्तीय संकट का रोना बना रहता है।जिसको लेकर कर्मचारियों को भविष्य निधि खाते से पैसा नहीं मिल रहा था ।इस मामले को लेकर ए आई डी ई एफ ने उच्च स्तर पर अधिकारियों से चर्चा की।फलस्वरूप अब आदेश दे दिया गया है कि जब तक निगमित इकाइयों का लेखा जोखा व्यवस्थित नहीं हो जाता है तब तक रक्षा लेखा विभाग का लोकल एकाउंट आफिस ही सुरक्षा कर्मचारियों के जी पी एफ के देयक पास करेगा।इस संबंध में खमरिया लेबर यूनियन की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से जी पी एफ फंड संबंधित विसंगतियां के चलते कर्मचारी अपना जमा फंड नहीं निकाल पा रहे थे ।क्योंकि लोकल अकाउंट का कहना था कि जी पी एफ निकालने हेतु संपूर्ण जानकारी पी सी एफ ए कोलकाता रेफर कर दी गई है उसके बाद यह निश्चित नहीं है कि फंड निकालने की प्रक्रिया क्या रहेगी । लेकिन ए आई डी ई एफ के अथक प्रयास पर यह आदेशित कर दिया गया कि जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती तब तक स्थानीय लेखा आफिस द्वारा ही फंड पास किया जावेगा। विदित हो कि इन दिनों शादी विवाह का अवसर है। आम कर्मचारी जिन्होंने जी पी एफ मे जमा राशि के अनुसार अपना बजट बना कर रखा था।लेकिन विगत कई दिनों से फंड ना निकाल पाने से वे चिंतित थे। अबआदेश पारित होने के बाद कर्मचारियों में हर्ष है।ओ एफ के लेबर यूनियन ने के महामंत्री अर्नब दासगुप्ता ने कहा कि कर्मचारी के हितों के लिए फेडरेशन सदैव प्रयासरत रहने के लिए संकल्पित है।

**आदेश जारी स्थानीय लेखा कार्यालय करेगा फंड स्वीकृत**

# अवैध परिवहन करते रेत से भरी दो ट्रेक्टर ट्राली जप्त

जबलपुर, ।राजस्व विभाग के अमले ने सिहोरा तहसील के अंतर्गत हृदयनगर में रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर दो ट्रेक्टर ट्रॉली को रेत सहित जप्त कर लिया है। एसडीएम सिहोरा आशीष पांडे के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही में जप्त ट्रेक्टर ट्रालियों को गोसलपुर थाने के सुपुर्दगी में दे दिया गया है। कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम सिहोरा श्री पांडे ने बताया कि क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उन्होंने हृदयनगर में संदेह के आधार पर रेत का परिवहन करते पाये जाने पर दो ट्रेक्टर ट्रॉलियों को रुकवाया। पूछताछ के दौरान एक ट्रेक्टर ट्राली का चालक जिस पर वाहन क्रमांक दर्ज नहीं था मौके से फरार हो गया। जबकि दूसरी ट्रेक्टर ट्राली का चालक गोसलपुर निवासी अमित कुमार रेत की रायल्टी और वाहन के कागजात मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। एसडीएम सिहोरा ने बताया कि मौके पर दोनों ट्रेक्टर ट्राली को मय इंजन सहित जप्त कर मौके पर पंचनामा तैयार किया गया एवं गोसलपुर पुलिस के सुपुर्दगी में दे दिया गया। थाने ले जाते हुए रास्ते में दूसरी ट्रेक्टर ट्राली एमपी 20 एबी 1892 का चालक अमित कुमार भी ट्रेक्टर लेकर रास्ते से फरार हो गया। जबकि बिना नंबर के ट्रेक्टर ट्राली को भी एक स्कार्पियो चालक द्वारा रास्ते में रोकने का प्रयास किया गया। एसडीएम सिहोरा ने बताया कि रास्ते से फरार हुए ट्रेक्टर चालक एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले स्कार्पियो क्रमांक एमपी-20 सीसी 4563 के चालक श्री रघुवंशी और वाहन मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।






# धूमधाम व गरिमा से मनाया भारत पर्व

*जबलपुर। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन धूमधाम व गरिमामय रूप से मानस भवन में मनाया गया। जिसमें भारत की सांस्कृतिक भावना को मन से अभिषेक करते हुए राष्ट्रीयता से ओतप्रोत व भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश्वरानंद महाराज ने किया। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, विनय सक्सेना, लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री शरद जैन,कलेक्टर कर्मवीर शर्मा,अपर कलेक्टर राजेश बाथम, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, डॉ जितेंद्र जमादार, अखिलेश जैन सहित अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वहीं अन्य प्रशासनिक अधिकारी सहित कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए दर्शक गण भी उपस्थित थे। भारत पर्व मध्यप्रदेश शासन, स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन ,जनसंपर्क तथा प्रेस फोटोग्राफर संगठन द्वारा आयोजित की गई।भारत पर्व के दौरान श्याम बैंड दल द्वारा राष्ट्रीय गीतों की सुमधुर ध्वनि से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं लोक राग समिति द्वारा बैगा जनजाति के लोक नृत्य,नवरंग संस्था द्वारा राजस्थानी संस्कृति पर आधारित कालबेलिया लोक नृत्य, स्वरागिनी सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता झांसी की रानी पर आधारित मार्मिक नृत्य, कदम संस्था के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, भातखंडे महाविद्यालय द्वारा रानी दुर्गावती की वीर गाथा पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कलाकारों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। भारत पर्व के अवसर पर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं की विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में न्यूट्रिशन पियर एजूकेशन प्रोग्राम का आयोजन

**जबलपुर। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में व्यावसायिक प्रश्नपत्र न्यूट्रिशन एवं डायट्रेक्सि के विद्यार्थियों के लिए शासकीय होमसाइंस कॉलेज के आहार एवं पोषण विभाग की छात्राओं द्वारा न्यूट्रिशन पियर एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप अन्य विषयों के छात्र-छात्राओं को पोषण आधारित आहारभूत जानकारी को प्रसारित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



इस न्यूट्रिशन पियर एजुकेशन कार्यक्रम में होमसाइस महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा संतुलित आहार को स्पष्ट करने के लिए फूड गाइड पिरामिड का प्रदर्शन कर इसकी विस्तृत जानकारी दी एवं विभिन्न प्रकार के भोज्य समूहों जैसे अनाज, दालें, फल एवं हरी सब्जियां तथा अन्य आवश्यक भोज्य पदार्थों में उपस्थित पोषक तत्वों और उनके स्वास्थ्य के लिए महत्ता को विस्तार से समझाया गया इसी के साथ छात्राओं ने शारीरिक माप विधि बाड़ी मास इन्डेक्स की गणना कर छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को उनके पोषण स्तर की जानकारी दी एवं घरेलू स्तर पर सामान्य रूप से आहार में सम्मिलित भोज्य पदार्थों को उनकी मानक मात्रा के अनुसार ग्रहण करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बीए एवं बीएससी के विद्यार्थियों ने लीफलेट पम्पलेट जो कि पोषण शिक्षा के महत्वपूर्ण माध्यम का प्रदर्शन कर विभिन्न आहार संबंधी विषयों पर जानकारी दी। इस प्रदर्शन को प्रतियोगिता के रूप में आयोजित कर निर्णायक मंडल द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता को प्रोत्साहित कर विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। बीए पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष से प्रथम स्थान अनुष्का पटेल, द्वितीय स्थान रानी पटेल एवं तृतीय स्थान सूरज कुमार चौधरी ने प्राप्त किया। बीएससी पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष से प्रथम स्थान प्रेरणा कोरी, द्वितीय स्थान गुनगुन शर्मा एवं तृतीय स्थान खुशी असाठी ने प्राप्त किया।इस कार्यक्रम में होमसाइंस महाविद्यालय की 32 छात्राओं ने सहभागिता की एवं श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के लगभग 250 छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम ग्रुप के डारेक्टर आर.के. करसोलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ श्री भरत सोलंकी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में तथा आयोजक समिति सदस्य होमसाइस महाविद्यालय की प्रो0 राजलक्ष्मी त्रिपाठी, श्रीमती अपूर्वा सोनी, श्रीमती आयशा ताहिरा खान, श्रीमती चंद्रकांता मौर्य एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं रूचिका धुर्वे एवं शिवानी रैकवार की भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डो श्रीकांता अवस्थी, डॉ नीलिमा शर्मा, डॉ मीठू घोष, डॉ प्रियंका शर्मा, डॉ निधी खरे, डॉ अल्का कुमारी, श्रीमती आरती शर्मा, डॉ ज्योति पटेल, श्रीमती शिल्पा भट्टाचार्य, डो कविता वर्मा, श्रीमती वर्तिका चनसोरिया एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# सोमवती अमावस्या 31 को



**जबलपुर।** अमावस्या तिथि जब सोमवार के दिन आती है। तब इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या का बेहद महत्व है। इस दिन व्रत, पूजन और पवित्र नदियों में स्नान का भी विशेष महत्व है। महिलाएं सोमवती अमावस्या के दिन पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। पितृ दोष निवारण के लिए दिन अत्यंत शुभ माना गया है। माघ मास की अमावस्या तिथि 31 जनवरी, सोमवार दोपहर 02.18 मिनट पर शुरू होगी। वह 1 फरवरी मंगलवार सुबह 11.16 मिनट तक रहेगी। यह साल की पहली सोमवती अमावस्या है। माघ मास में पड़ने के कारण इसे मौनी अमावस्या भी कहा जाता है।

## पितरों को प्रसन्न करने के उपाय

- सोमवती अमावस्या के दिन पितरों के नाम जल में तिल डालकर दक्षिण दिशा में तर्पण करें।
- अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित होती है। ऐसे में इस दिन तर्पण करने से पितरों को तृप्ति मिलती है और वे आशीर्वाद देते हैं।
- मौनी अमावस्या के दिन पीपल के वृक्ष की पूजा करें। दूध चढ़ाएं और सात बार परिक्रमा लगाएं।
- पीपल के नीचे दीपक जलाएं। ऐसा करने से परिवार में खुशहाली आती है।
- सोमवती अमावस्या के दिन भगवान विष्णु की पूजा करें। इस दिन पितरों के निमित्त गीता के सातवें अध्याय का पाठ करना चाहिए।
- पितरों का ध्यान करते हुए सोमवती अमावस्या के दिन दान करें।
- सोमवती अमावस्या के दिन पीपल का एक पौधा लगाएं। ऐसा करने से पितर खुश होते हैं। वह आर्थिक स्थिति सुधरती है।

## कृषि विवि में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

# देश के खाद्यान्न भंडार भरपूर- डॉ. बिसेन



**जबलपुर।** 73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में ''गणतंत्रता अमर रहे गणतंत्र का सम्मान करें'' के जयघोष के साथ कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि कृषि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि की उन्नत तकनीक की बदौलत आज देश के खाद्यान्न भंडार भरपूर हैं। कृषि की तरक्की से ही प्रदेष और देष समुन्नत होगा। कोरोना काल में भी कृषि क्षेत्र ने देष की अर्थ व्यवस्था को मजबूत आधार दिया है। विष्वविद्यालय, भविष्य के कृषि वैज्ञानिक, उन्नत कृषक और उन्नत कृषि तकनीक के साथ कृषि उद्यमी लगातार तैयार कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र को विकसित करने में अपना अहम योगदान देंगे। हमारे भंडार भरे हैं, किन्तु बढ़ती आबादी के अनुरूप खाद्यान्न उत्पादन की चुनौतियां भी हमारे समक्ष उपस्थित हैं। तदानुरूप कृषि तकनीक विकसित करना होगी। इस मौके पर प्रमंडल सदस्य डॉ. ब्रजेष दत्त अरजरिया, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द खरे, कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री व्ही.एन. बाजपेयी, संचालकगण डॉ. जी.के. कौतू, डॉ. दिनकर शर्मा, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. शरद तिवारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, कार्यपालन यंत्री एस.एस. गौर, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, वैज्ञानिक, प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्र और कृषि नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवि की छात्रा द्वारा किया गया।

### मुख्यालय : कृषि अभियांत्रिकी : कृषि महाविद्यालय

जनेकृविवि मुख्यालय में कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं कृषि महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉ. शरद तिवारी ने ध्वजारोहण किया।

### आदर्श मोहल्ला समिति

73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदर्श मोहल्ला समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि श्रीमती गेंदा विश्वकर्मा के साथ विशिष्ट अतिथि टी आई जी आर पी मीना ठाकुर मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमती हर्षा पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस मौके पर संरक्षक तापेश्वर यादव डा.एम एल शर्मा अध्यक्ष श्री कांत विश्वकर्मा किशन तरसूलिया मनोज भारद्वाज के पी सेन श्रीमती प्रेम मेहता सुनीता विश्वकर्मा कविता सेन सुनीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जीसीएफ सोसायटी में झंडे को सलामी

73 वे गणतंत्र दिवस के मौके पर जीसीएफ को आपरेटिव सोसायटी प्रागंण मे सोसायटी के अध्यक्ष जसबीर सिंह भसीन ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी इस मौके पर प्रबंधन समिति के रमेश कुमार शर्मा विनोद कुमार हेमंत कुमार राजेंद्र वर्मा लक्ष्मी पटेल रूपेश वर्मा जगदीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### बड़ी ओमती चौक में हुआ ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस पर जबलपुर मुस्लिम लीगल एड एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा बड़ी ओमती चौक में ध्वजारोहण किया गया। कार्यालय प्रभारी एड मासूम खान ने बताया कि सोसायटी द्वारा प्रातः 10-45 बजे झंडा वंदन किया गया और राष्ट्रीय गीतों, भाषणों की प्रस्तुति हुई इसके पश्चात बुजुर्गों एवं कोरोना काल में कोरोना वारियर्स बनकर काम करने वाले पुलिस अधिकारियों, पत्रकारों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ए.उस्मानी, अध्यक्ष सलीम खान, उपाध्यक्ष शबाब खान, रिजवान खान, सादुल्लाह उस्मानी, कमर जबी,हाजी मुईन खान, मासूम खान, फिरोज अंसारी, एम.एच. चौधरी, शफी खान, निजामुद्दीन, मतीन कवि, मोहसिन मोनू, शाहिद अली, शेखर तिवारी, अल्तमश, कैफ, राकेश गजभिये सहित सभी पदाधिकारीगण एवं व्यापारी बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. आदिल फरहान खान एवं आभार प्रदर्शन शफी खान ने किया।

### लार्डगंज व्यापारी संघ ने झन्डावंदन कर मनाया गणतंत्र दिवस

लार्डगंज व्यापारी संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी झन्डावंदन कर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। संघ अध्यक्ष अखिल मिश्र ने ध्वजारोहण कर सभी को 73 वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। आयोजन में संघ संरक्षक राजकुमार सिंघई, नवनीत जैन, पद्माकर तलवारे, कैलाश साहू, उपाध्यक्ष संजय सखी, सुधीर जैन, सचिव सुनील ठाकुर, शरद जैन, अरुण गुप्ता, महेश शर्मा, राजेश जैन, आजाद जैन, शरद जैन, आदि उपस्थित थे।

### कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण



जबलपुर। कमला नेहरू नगर पार्क मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना एवं भाजपा युवा मोर्चा के योगेंद्र सिंह ठाकुर डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता पूर्व उप महाधिवक्ता विजय पांडे रंजीत सिंह ठाकुर योगेश बिलोबा पूर्व पार्षद अमरीश मिश्रा संघ के अध्यक्ष धनंजय बाजपेई द्वारा कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर विजय गुप्ता शशांक वर्मन, रितेश पांडे राकेश चक्रवर्ती विनय शर्मा जय कुमार मोदी रिषभ खंडेलवाल अखिलेश मेहता डॉ एसके गौतम आर एस पांडे एस के मुद्दीन रूपलाल पटेल एडवोकेट सीरियल सोनी रमेश दीक्षित कमल दीक्षित विकास गुप्ता विजय साहू सौरभ पटेल आदि मौजूद रहे।

### कैंट थाने में ध्वजारोहण



जबलपुर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण, संगठन की सहभागिता में कैंट थाने में गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती निरीक्षक विजय तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया,साथ ही कोरोना काल में सेवाओं के लिए विशेष सम्मान मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा कैंट थाने के नगर पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक एवं समस्त स्टॉफ का सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में मानवअधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन पदाधिकारी अजय बाधवानी अध्यक्ष, रोशनलाल मंध्यानी (मार्गदर्शक) उपाध्यक्षद्वय अभिषेक जैन, अभिजीत जैन सचिव एड आशीष त्रिपाठी, महासचिव आशुतोष चतुर्वेदी सहसचिव विवेक शुक्ला, महिला प्रभारी भावना निगम भगत, डा0 विकास सावला, कमरुल इस्लाम खान, संदीप सुहाने, आदि उपस्थित थे।

### तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आयोजन



जबलपुर शहर के अग्रणी महाविद्यालय तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में गणतंत्र दिवस सादगी एवं सोशल डिस्टेसिंग के साथ मनाया गया. संस्था के चेयरमेन श्री एस.सी मसुरहा जी ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात् सचिव श्री पीके तिवारी, संयुक्त सचिव श्री विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री रतन खर्द एवं प्रबंध समिति सदस्य श्री शरद गुप्ता एवं अन्य संरक्षक सदस्यों ने गणतंत्र दिवस की शुभकानाएँ दी। संस्था के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई. के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### 73वे गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन के साथ विविध आयोजन संपन्न



गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री जानकीरमण महाविद्यालय में शासी निकाय अध्यक्ष शरद चंद भाई पालन एवं प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी की उपस्थिति में ध्वज वंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शरद चंद्र भाई पालन, विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिमन्यु जैन, यू.एस दुबे एवं श्री राज सागरी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी जी ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इतिहासविद डॉ आनंद सिंह राणा ने गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखाकिंत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिनमें प्रमुख रूप से देवेन्द्र मिश्रा द्वारा राष्ट्रभक्ति पूर्ण गीतों पर दीप योग के माध्यम से प्रस्तुति दी गई, वही आदर्श रॉबिन जैन, गोलू विश्वकर्मा हेमलता कोरी, प्रिया नामदेव, प्राची सोनी, निखिल राजपूत, मानसी, मुस्कान गंगा, काजल ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत और कविताएं प्रस्तुत की साथ ही प्रियांक पटेल, करण तिवारी, काजल कोष्टा, मुस्कान साहू, गंगा ढीमर, राखी, मानसी ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रशांत पाठक एवं तरुण मिश्रा ने किया कार्यक्रम का आभार अजय मिश्रा द्वारा ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम में विशेष रूप से सर्वश्री डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, डॉ. अंजली शुक्ला, श्री चंद्र कुमार चौबे, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया,संजय पाण्डेय, डेनियल पटेल, देवेंद्र कुशवाहा, श्रीमती राधा झारिया, सुश्री मीनाक्षी लोधी, सुश्री श्रुति शुक्ला, सुश्री दिव्या विश्वकर्मा, गोपाल रैकवार, आनंद रैकवार, भूपेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### बिजली कंपनियों के मुख्यालय में एमडी श्री अनय द्विवेदी ने किया ध्वजारोहण



मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में आयोजित 73 वें गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी ने पाण्डुताल मैदान में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के डायरेक्टर टेक्नीकल श्री अविनाश वाजपेयी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शि?यल श्री प्रतीश कुमार दुबे, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) श्री राजीव कुमार गुप्ता सहित वरिष्ठ अभि?यंता व कार्मिक उपस्थि?त थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनय द्विवेदी ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व सुरक्षा निरीक्षक प्रवीन कपूर ने किया। सुरक्षा सैनिकों की टुकड़ी का नेतृत्व सुरक्षा उपनिरीक्षक संजय सिंह ने किया।

## गजब:केंटीन में सामान आया तो पहले 2 दिन अधिकारियों को
## जीसीएफ सी एस डी केंटीन के आदेश का जताया विरोध

**जबलपुर यशभारत। जीसीएफ सीएसडी केंटीन के मेनेजर ने विगत दिनों जारी आदेश में कहा है कि केंटीन मे जब भी सामान आयेगा उसके बाद दो दिन ग्रुप ए और बी अधिकारियों के लिए आरक्षित होंगे शेष दिन आम कर्मचारियों को सामान दिया जाएगा।**

उक्त आदेश को गलत मानते हुए जीसीएफ श्रमिक संघ ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर आपत्ति जताई है।श्रमिक संघ के महामंत्री राकेश रजक ने कहा कि ऐसा लगता है कि हम अंग्रेजी राज में काम कर रहे हैं।उनका कहना है कि नियम कानून सबके लिए बराबर होना चाहिये।पहले दो दिन अधिकारियों के लिए सुरक्षित करने से जब जरूरत का अधिकांश सामान चला जाएगा तो कर्मचारियों को आधा अधूरा सामान ही मिल पायेगा।वैसे भी कर्मचारियों को भोजन अवकाश और शाम को छुट्टी के बाद सीमित समय ही मिल पाता है।जबकि अधिकारी कभी भी आने जाने के लिए स्वतंत्र है।श्रमिक संघ के लक्ष्मी पटेल मनोज धर्मजन राजेंद्र वर्मा गौरी शंकर राकेश राय तपेन्द्र दुबे जगदीश गुप्ता अनिल साहू और रूपेश वर्मा आदि ने कहा कि उक्त तुगलकी फरमान वापिस लिया जाए।

## सराफा में पुलिस की तीसरी आंख तोड़ी

**हमलावरों ने अन्य कैमरों को भी किया क्षतिग्रस्त ;फुटेज में कैद हुए आरोपी**

**जबलपुर यश भारत ।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के मुख्य सर्राफा बाजार मैं लगा हुआ पुलिस का सीसीटीवी कैमरा हमलावरों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया मामले की जानकारी लगते ही पुलिस ने कार्यवाही तेज कर दी है फुटेज में कुछ आरोपी कैद हुए हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी कोतवाली अनिल गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सराफा में लगा हुआ सरकारी सीसीटीवी कैमरा दरमियानी रात हमलावरों ने तोड़ दिया है मामले की पड़ताल की जा रही है।

### दुकानों में लगे कैमरे भी किए गए क्षतिग्रस्त

बताया जा रहा है किस सराफा में ज्वेलर्स दुकानों में लगे हुए अनेक सीसीटीवी कैमरे भी हमलावरों ने चकनाचूर किए हैं बताया जा रहा है कि हमलावर क्षेत्र के हैं जो पुलिस की सीसीटीवी फुटेज में साफ-साफ देख रहे हैं आरोपियों को पुलिस जल्दी गिरफ्तार कर लेगी।

### हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक 3 दिन की पुलिस रिमांड पर

**जबलपुर यश भारत।** शहर का हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक को पुलिस ने एक मामले में पूछताछ करने माननीय न्यायालय से 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है । एडिशनल एसपी गोपाल खांडेकर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान ताल थाना अंतर्गत अपहरण व झूठा शपथ पत्र पेश करने के एक मामले मैं जेल में निरुद्ध कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक को शुक्रवार से 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है उक्त मामले में प्राप्त सबूतों के आधार पर आरोपी से पूछताछ की जाएगी।



### समाज सेवा के लिए कलेक्टर ने किया सम्मानित

जबलपुर। कोरोना काल में मानवता का परिचय देते हुए असहाय, जरूरतमंदों की सहायता करने पर भाजपा नेता दुर्गेश शाह (टिंकल) की बेटी मायरा शाह और बेटे साई शाह को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन और फोटो जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा दोनों बच्चों की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की झांकी को मिला दूसरा स्थान

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंडित रवि शंकर शुक्ल स्टेडियम में प्रदर्शित झांकियों में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झांकी को दूसरा स्थान मिला। सेठ गोविन्ददास जिला चिकित्सालय की झांकी डॉ. रत्नेश कुरिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में तैयार की गई। झांकी मैं कोरोना वायरस कोविड-19 के विरुद्ध किए जा रहे वैक्सीनेशन कार्यक्रम एवं जिला चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट और नवनिर्मित आईसीयू का सजीव प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के द्वारा झांकियों का निरीक्षण किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की झांकी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस झांकी में रवि शंकर कोष्टा, विकास श्रीवास्तव एवं बृजेश मिश्रा का सहयोग रहा।

## उखरी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की मनमानी से स्थानीयजन परेशान

**डॉ.चन्द्रशेखर नियोगी का अभद्र व्यवहार बन रहा सुर्खिया**

**जबलपुर।** प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों की हालत किसी से छुपी नहीं है वहीं कोरोना काल में चिकित्सकों की मनमानियां भी गाहे बगाहे सामने आती रही है वही अब सबसे ज्यादा मुश्किल लोगों को कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज के लिये हो रही है जिसमें सबसे ज्यादा चर्चित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उखरी है जहां चिकित्सक डॉक्टर चन्द्रशेखर नियोगी द्वारा लाभार्थियों के साथ अनुचित व्यवहार कर अपमानित करना सुर्खियां बटोर रहा है। क्षेत्रीयजनों का कहना है कि चिकित्सक नियोगी जहां बूस्टर डोज लगवाने आने वाले वृद्धों से अभद्र व्यवहार कर रहे है वही महिलाओं को भी नहीं बख्श रहे है। जिसको शिकायत लोगों के द्वारा प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से भी की गई है, बावजूद इसके उक्त चिकित्सक का अशिष्ट व्यवहार स्वास्थ्य विभाग लगातार नजरअंदाज कर रहा है।

### बूस्टर को लेकर गोलमाल

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यह अभद्र व्यवहार चिकित्सक द्वारा बूस्टर डोज आम लोगों को न देने कारण है वहीं लोग अब उक्त चिकित्सक पर इन डोजों को बेचने का भी आरोप लगा रहे है।

### कैप्टन अंशुमान तिवारी ने संस्कारधानी को किया गौरवान्वित



संस्कारधानी के यशस्वी पुत्र कैप्टन अंशुमान तिवारी ने विगत गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के राजपथ में आयोजित कार्यक्रम में पीटी 76 कॉन्टिनजेंट को लीड किया गया कैप्टन अंशुमान तिवारी ने जबलपुर शहर को गौरवान्वित किया। आप राइट टाउन निवासी अभिषेक तिवारी एवं प्रतिमा तिवारी के सुपुत्र है।

## सच्ची देशभक्ति और जनसेवा को एसपी ने किया सम्मानित



### कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के हाथों सम्मानित

**जबलपुर।** सडक पर खुदा गड्ढा जिससे आवागमन बाधित हो रहा था को फावडे से समतल कर सच्ची देश भक्ति और जनसेवा का परिचय देने वाले कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित गया। थाना यातायात मालवीय चौक में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह द्वारा कर्तव्य के दौरान दीनदयाल चौराहे के मुख्य मार्ग में खुदे गड्ढे जिससे आवागमन बाधित हो रहा थाए सडक दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थीए को जनहित में एक फावडे की मदद से मिटटी से समतल कर बाधित हो रहे यातायात को सुचारू रूप से संचालित कर सच्ची देश भक्ति और जनसेवा का परिचय दिया था। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवालए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेलए एसडीओपी सिहोरा श्रुतकीर्ति सोमवंशी ए उप पुलिस अधीक्षक यातायात मधुकर चौकीकरए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तुषार सिंह ए रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी उपस्थित रहे।

## जेठानी ने देवरानी को बाल पकड़कर घसीटा ,फिर की धुनाई

**जबलपुर यश भारत।** गोहलपुर के चौधरी मोहल्ला में बुधवार की दरमियानी रात एक महिला ने हंगामा करते हुए अपनी जेठानी के साथ जमकर मारपीट कर दी पूरा मामला पारिवारिक संपत्ति को लेकर उपजे घरेलू विवाद का है थाने रोते हुए पहुंची पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सुमंत्री बाई निवासी रविदास आश्रम चैधरी मोहल्ला उम्र 35 वर्ष पति ओमकार चैधरी ने शिकायत में बताया है की पारिवारिक संपत्ति को लेकर उसके घर में महीनों से विवाद है जिसके चलते देर रात उसकी देवरानी पार्वती चैधरी ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी इतना ही नहीं जमकर गाली-गलौज करते हुए उसके बाल पकड़कर भी खींच दिए और पूरे शरीर में गंभीर रूप से चोटे पहुंचा दी पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार देवरानी को तलाश करने में जुटी है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद करेली, जिला नरसिंहपुर (मप्र)
(Main Road,Kareli, Phone-07793-270046
Email:cmokareli@mpurban.gov.in)
राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर
देश के अमर शहीदों को कोटि -कोटि नमन।
सभी नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कोरोना की जंग जनता के संग
1 मास्क अवश्य लगायें 2 वैक्सीन का डोज अवश्य लगवायें 3 सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें
4 नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में नगर पालिका करेली को सहयोग प्रदान करें।
प्रशासक
नगर पालिका परिषद करेली
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद करेगी

कार्यालय नगर पालिका प्रशासन
गोटेगांव जिला नरसिंहपुर
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पालीथिन हटाओ, पर्यावरण बचाओ
क्रमांक 1557/न पा/2022
गोटेगांव दिनांक 25/1/2022
1 कोरोना से जंग मिलकर लड़ेंगे हम
2 फेस मास्क का उपयोग अवश्य करें
3 सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।
4 एल्कोहल आधारित हेण्ड सेनेटाईजर का उपयोग करें।
5 बुखार, सर्दी जुकाम, सांस लेने में तकलीफ, गले में दर्द इत्यादि होने पर फीवर क्लीनिक (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ) पर अपनी जांच करायें।
6 कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु वेक्सीन के दोनों डोज पूर्ण करायें।
7 60 वर्ष के आयु के समस्त व्यक्ति जिनके द्वितीय डोज के 9 माह पूर्ण हो गये हो बूस्टर डोज लगवाकर कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहे।
8 समस्त प्रतिष्ठान मालिक अपने प्रतिष्ठान के समक्ष डस्टबिन रखें।
9 पालीथीन पूर्णतः प्रतिबंधित है। क्रय विक्रय एवं उपयोग न करें।
10 अपने आसपास सफाई रखें।
निधि सिंह गोहल
प्रशासक
नगर पालिका गोटेगांव
साक्षी बाजपेयी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका प्रशासन गोटेगांव
समस्त अधिकारी/कर्मचारी नगर पालिका प्रशासन गोटेगांव

भा.कृ. अनु.प. - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
महाराजपुर, अधारताल, जबलपुर – 482004 (म.प्र.) भारत
Maharajpur, Adhartal, Jabalpur 482 004 (M.P.), INDIA
विज्ञापन सूचना
निदेशालय द्वारा दिनांक 15/02/2022 दोपहर 3.00 बजे इस निदेशालय के प्रक्षेत्र उत्पादों का विक्रय निविदा के माध्यम से किया जाना है।
अधिक जानकारी के लिए निविदाकर्ता निदेशालय की वेबसाइट (https://dwr.icar.gov.in) देखे।
प्रभारी क्रय एवं भंडार अनुभाग

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग जबलपुर
अम्बेडकर भवन के सामने हाईकोर्ट चौराहे के पास जबलपुर
प.क्र.2410/निविदा/लेखा/ग्रा.यां.से./2022
E-mail- eeresjbp@rerdiffmail.com
जबलपुर, दिनांक 18/01/2022
संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र.-12/2020-21
कार्यालय अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत रु. लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस.ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2021_PRES _168868_1 | जनपद पंचायत जबलपुर में व्ही.सी. कम स्टोर रूम का निर्माण कार्य | जबलपुर | 4.350 | 8700 | 2000 | 120 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 2 | 2021_PRES _168877_1 | जनपद पंचायत जबलपुर में टायलेट रूम निर्माण कार्य ड्रेनेज एवं सिलिंग कार्य | जबलपुर | 9.670 | 19340 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 3 | 2021_PRES _168880_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक शाला मेन पटारी | कुण्डम | 3.683 | 8000 | 2000 | 120 दिवस वर्षाकाल सहित | पंचम | 04/01/19 |
| 4 | 2021_PRES _168882_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शासकीय सेट. आम्हटोला | कुण्डम | 3.683 | 8000 | 2000 | 120 दिवस वर्षाकाल सहित | पंचम | 04/01/19 |
| 5 | 2021_PRES _171016_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण बिलखरवा | जबलपुर | 3.683 | 8000 | 2000 | 120 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 6 | 2021_PRES _178418_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य जनपद पंचायत पाटन | पाटन | 8000 | 16000 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 7 | 2021_PRES _179976_1 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य चौधरी मोहल्ला भोगाद्वार रानी लक्ष्मी बाई वार्ड | जबलपुर | 14.990 | 29000 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 8 | 2021_PRES _179977_1 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य आजाद नगर गोकलपुर वार्ड | जबलपुर | 7.360 | 15000 | 2000 | 150 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 9 | 2021_PRES _179978_1 | पशु विकास उपकेन्द्र कछपुरा (गोसलपुर) में भवन निर्माण कार्य | सिहोरा | 4.750 | 10000 | 2000 | 120 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 10 | 2021_PRES _179979_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण एकीकृत क.मा.शा. कुण्डम | कुण्डम | 6.550 | 12500 | 2000 | 150 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 11 | 2021_PRES _17980_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण एकीकृत मा.शा. तिलहरी | जबलपुर ग्रा. | 6.560 | 12500 | 2000 | 150 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| 12 | 2021_PRES _17981_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण एकीकृत मा.शा. खजरी भमका | पाटन | 6.560 | 12500 | 2000 | 150 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 04/01/19 |
| | | | | 79.839 | | | | | |

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथि - 31/01/2022 प्रातः 11.00 बजे से 2. ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि - 31/01/2022 प्रातः 11.00 बजे से
3. ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 11/02/2022 सायं 05.30 बजे से 4. ऑन लाईन बिड खोले जाने की तिथि-14/02/2022 प्रातः 11.00 बजे से
निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा।
टीपः- निविदा प्रपत्र क्रय की राशि व कार्यों की अमानत राशि का भुगतान ऑनलाईन आर.टी.जी.एस. के अंतर्गत ही स्वीकार योग्य होगा।
(के.के. दीक्षित)
कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रकी सेवा, जबलपुर संभाग जबलपुर
दूरभाष (का.)- 0761-2625268 मो.नं.- 9425388580
G-21937/21 दो गज की दूरी, मास्क ही जरूरी।




# कर्मचारियों की पदोन्नति पर मंथन

**भोपाल।** गृह और जेल के बाद अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी वरिष्ठता अनुसार वरिष्ठ पद का प्रभार देने पर एक बार फिर मंथन शुरू हुआ है। इसके लिए गठित मंत्रिमंडल उप समिति की बैठक गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय में आयोजित की गई, जिसमें सपाक्स एवं अजाक्स के सुझावों सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से मंथन हुआ है। अब दो फरवरी को फिर से बैठक बुलाई गई है। जिसमें समिति के सुझावों और अन्य पहलुओं पर चर्चा होगी। बैठक में सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री इंदरसिंह परमार, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पदोन्ति में आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पिछले साढ़े पांच साल से पदोन्नति नहीं मिल रही है। राज्य सरकार ने विकल्प तलाश करने के लिए मंत्रिमंडल की उप समिति बनाई थी। जिसकी अनुशंसा पर गृह और जेल विभाग के पात्रता रखने वाले कर्मचारियों को वरिष्ठ पद का प्रभार मिल गया, पर अन्य विभागों के कर्मचारी अब भी प्रभार का इंतजार कर रहे हैं। इसे लेकर प्रदेश के सबसे बड़े कर्मचारी संघ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बाद गुरुवार को समिति की बैठक आयोजित की गई। सूत्र बताते हैं कि समिति ने विभिन्न् विभागों में खाली वरिष्ठ पदों की स्थिति देखी और सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी संघ (सपाक्स) एवं अनुसूचितजाति-जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) के सुझावों पर भी चर्चा की है। सरकार दोनों संगठनों से पूर्व में राय ले चुकी है। बैठक में जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, वन मंत्री डा. विजय शाह वर्चुअल शामिल हुए।

# भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस फरवरी में दो दिन रहेगी रद

## चार अन्य ट्रेनें भी एक-एक दिन नहीं चलेंगी



**भोपाल।** अगले माह रेल यात्रा का प्लान बना रहे लोगों के लिए एक जरूरी खबर है। भोपाल से हावड़ा के बीच चलने वाली भोपाल—हावड़ा एक्सप्रेस सात और नौ फरवरी को रद रहेगी। इस ट्रेन के अलावा अप—डाउन की चार अन्य ट्रेनों को भी एक—एक दिन नहीं चलाया जाएगा। रेलवे ने धनबाद रेल मंडल के सिंगरौली, करैला रोड, चुरकी और महदेइया स्टेशनों के बीच पटरी जोड़ने के काम के चलते उक्त निर्णय लिया है।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद

— ट्रेन संख?या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 12 फरवरी को रद रहेगी। ट्रेन संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 15 फरवरी को शुरूआती स्टेशन से नहीं चलेगी। ट्रेन संख?या 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस नौ फरवरी को रद रहेगी। ट्रेन संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 12 फरवरी को अपने शुरुआती स्टेशन से नहीं चलेगी। ट्रेन संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस सात फरवरी को रद रहेगी। ट्रेन 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस नौ फरवरी को अपने शुरुआती स्टेशन से ही रद रहेगी।

### रेलवे ने यह दी सलाह

रेलवे की तरफ से सलाह दी गई है कि ट्रेनों में सफर शुरू करने से पहले यात्री नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम %एनटीईएस% पर संबंधित ट्रेनों की स्थिति देख लें। उसके बाद ही घर से स्टेशन के लिए निकलें। कोहरा और अन्य कारणों के चलते ट्रेनों को कई बार रद करने के निर्णय लेने पड़ते हैं। ऐसे में दिक्कतें हो सकती हैं। ट्रेनों को लेकर एनटीईएस पर हर पल की स्थिति अपडेट रहती है। हालांकि ट्रेनों को रद करने व मार्ग बदलने से जुड़ी जानकारी संबंधित यात्रियों को मैसेज करके भी दी जाती है। यात्री चाहे तो रेल सुविधा नंबर 139 पर भी संपर्क कर सकते हैं।




# फर्जी आइडी बनाकर ट्रेनों, प्लेटफार्म पर बेचते थे खान-पान सामग्री

### 15 लोगों पर केस दर्ज

**भोपाल ।** रेल पुलिस ईकाई के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों पर चलती ट्रेनों एवं प्लेटफार्म पर सक्रिय अवैध वेंडरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। उनके पास से फर्जी आइडी भी बरामद की गई हैं। रेलवे पुलिस ने भोपाल में पांच, बीना में नौ एवं खंडवा में एक अवैध वेंडर की धरपकड़ की है। एसपी (रेल) हितेश चौधरी ने बताया कि रेल पुलिस ने अवैध वेंडरों को पकड़ने के लिए विशेष मुहिम शुरू की है। इसके तहत रेल इकाई भोपाल के तहत आने वाले 10 थाना- खंडवा, आमला, इटारसी, भोपाल, हबीबगंज, बीना, विदिशा, ग्वालियर बीजी, ग्वालियर एनजी व मुरैना थाना में करीब 1200 वेंडरों के पहचान पत्र चेक किए गए। जांच के दौरान भोपाल के पांच, बीना के नौ एवं खंडवा में एक वेंडर के पास अवैध पहचान पत्र मिला। फर्जी वेंडरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब इन वेंडरों को बिक्री के लिए सामान देने वाले ठेकेदारों से भी पूछताछ करेगी।




# अब जिला पर्यटन की ओर बढ़ा मध्यप्रदेश

## हर छोटे-बड़े स्थल का तैयार होगा नक्शा

**भोपाल।** ग्रामीण पर्यटन से एक कदम आगे बढ़ाकर मध्य प्रदेश अब जिला पर्यटन की ओर चल पड़ा है। अब जिले के प्रत्येक छोटे-बड़े पर्यटन स्थल का नक्शा तैयार होगा और प्रदेश एवं देश के पर्यटन प्रेमियों को अनछुए पर्यटन स्थल दिखाए जाएंगे। इनमें से कुछ पर्यटन स्थल ऐसे हैं जिनके बारे में स्थानीय लोग ही जानते हैं। पर्यटन विकास विभाग ने इसे %जिला पर्यटन संवर्धन योजना नाम दिया है। विभाग स्थानीय स्तर पर ऐसे पर्यटन स्थलों की जानकारी इकट्ठी कर वहां तक पर्यटकों को पहुंचाने की रणनीति तैयार कर रहा है। आर्थिक तंगी से जूझ रही राज्य सरकार के पास सरकारी खजाने की स्थिति सुधारने का पर्यटन अच्छा विकल्प हो सकता है। इसलिए सरकार का पर्यटन पर विशेष ध्यान है। स्टे होम और ग्रामीण पर्यटन जैसी योजनाएं लाने के बाद पर्यटन विकास विभाग का प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद ऐसे अनछुए स्थलों की ओर ध्यान गया है, जिन्हें स्थानीय लोगों के अलावा किसी ने नहीं देखा है। ऐसे स्थलों की मैपिंग (नक्शा) बनाने के बाद उनके पर्यटन के लिहाज से जिले की विशेषताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। वहां पर्यटकों के लिए कुछ सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इसके बाद प्रदेश और प्रदेश से बाहर के पर्यटकों के लिए इन स्थानों को खोला जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले में कुछ प्राकृतिक स्थल ऐसे हैं, जिन्हें अब तक पर्यटन के लिहाज से महत्व नहीं दिया गया है। ऐसे छोटे-छोटे स्थलों पर अब पर्यटन विकास विभाग की निगाह है। ऐसे स्थलों की मैपिंग होने के बाद विभाग उनकी उपयोगिता के हिसाब से स्थानीय स्तर पर उन्हें विकसित करने की योजना तैयार करेगा।

# रेत माफिया पर प्रशासन की कार्रवाई, खदानों पर सर्चिंग



**भोपाल।** जिले में रेत माफिया को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके रेत माफिया अवैध उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं। इतना ही नहीं कई जगहों पर तो रेत का अवैध भंडारण भी किया हुआ है। रेत कारोबार में लिप्त रसूखदारों के आगे प्रशासनिक अमला भी बेबस नजर आ रहा है। रेत माफिया पर लगाम कसने के लिए कलेक्टर नीरज सिंह ने खनिज अमले को निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार देर रात खनिज अमले ने ग्राम रायपुर, बरंडुआ व करबला घाट पर छापामार कार्रवाई रेत के अवैध कारोबार में लिप्त वाहनों को जब्त किया है। खनिज अमले की कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मच गया। कार्रवाई का असर यह दिखा कि शहर में दौड़ रही ट्रेक्टर ट्रालियां व डंपर नजर नहीं आए। डोंगरवाड़ा रेत खदान पर कुछ वाहनों के पहुंचने की जानकारी मिली जिसके बाद वहां भी सर्चिंग की गई, लेकिन अमले को यहां कुछ हाथ नहीं लगा।

**कार्रवाई की जा रही है**

**जिले में रेत का अवैध उत्खनन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार देर रात कार्रवाई कर वाहनों को जब्त किया गया है जिन पर केस दर्ज किया जा रहा है। – शशांक शुक्ला, जिला खनिज अधिकारी, होशंगाबाद**

### अमले की कमी बन रही परेशानी

रेत माफिया पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन के सामने सबसे बड़ी परेशानी अमले की कमी बन रही है। महज आधा दर्जन कर्मचारियों के भरोसे कार्रवाई की जा रही है। रेत खदानों का दायरा बड़ा होने के कारण खनिज अमला नहीं पहुंच पाता है। खनिज अधिकारी के साथ ही कुल दो खनिज निरीक्षक व होमगार्ड जवान ही हैं। खनिज विभाग की ओर से कर्मचारियों की नियुक्ति करने के संबंध में पत्र व्यवहार किया जा चुका है।

### खदान से दो वाहनों को जब्त किया

खनिज अधिकारी शशांक शुक्ला ने अपनी टीम के साथ मिलकर खदानों पर देर रात सर्चिंग अभियान चलाया। माफिया को इसकी सूचना पहले ही मिल गई थी। अमले के पहुंचने के पहले ही रेत माफिया के गुर्गे मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंचे अमले ने दो ट्रेक्टर ट्रालियों को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि ट्रेक्टर ट्रालियों पर कृषि कार्य हेतु उपयोगी लिखा हुआ है। साथ ही हिमांशु नाम भी लिखा हुई है। खनिज अधिकारी के निर्देश पर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया।

### कार्रवाई के दौरान घनघनाते रहे फोन

रेत माफिया पर कार्रवाई करने के लिए निकले प्रशासन अधिकारियों के फोन घनघनाते रहे। दरअसल रेत माफिया को पहले ही कार्रवाई की भनक लग चुकी थी। शहर के कई रसूखदारों के फोन भी अधिकारियों के पास पहुंचे। हालांकि अधिकारियों ने मामले को लेकर चुप्पी साधी हुई है। वहीं सूत्रों के मुताबिक अमले को रेत खदानों के बारे में जानकारी दी जा रही थी। रायपुर, बरंडुआ, करबला घाट पर रेत माफिया के गुर्गे बड़ी संख्या में रेत उठा रहे हैं, लेकिन इन पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

### रेत ठेकों को लेकर चल रहा विवाद

जिले में रेत खदानों पर ठेके को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। रेत कंपनी का ठेका निरस्त होने के बाद न्यायालय से स्टे ले लिया गया था। जिले के प्रभारी मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने दौरे में कहा था कि रेत कंपनी को जिन शर्तों पर काम दिया गया था वही नहीं हो पा रहा था। किश्त की राशि भी जमा नहीं की जा रही थी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी कई तरह के आरोप पत्र लिखकर लगाए थे।

### आनंद नगर, मीनाक्षी चौक से निकल रही ट्रालियां

रेत से भरी ट्रालियां आनंद नगर व मीनाक्षी चौक् से होते हुए निकाली जा रही है। जिसके चलते स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि ट्रेक्टर चालक बेहद तेज गति से वाहन निकालते हैं, ऐसे में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों के साथ ही नपा, राजस्व, माइनिंग अधिकारियों को भी सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं जनसुनवाई में भी आवेदन देने के साथ इंटरनेट मीडिया पर भी कार्रवाई के लिए गुहार लगा चुके हैं।

# टूटा इंदौर की रिंग रोड का सपना



## चार किमी की विवादित चंदन नगर की जमीन के कारण स्कीम 156 खत्म। सड़क पर बस चुकी है अवैध बस्ती, आइडीए नहीं हटा पाया अतिक्रमण।

**भोपाल।** मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र चंदन नगर में 29 साल पहले घोषित की गई योजना- 156 खत्म होने के साथ शहर की रिंग रोड का सपना भी टूट गया है। चंदन नगर जैसी अवैध बस्ती के बीच से 100 फीट चौड़ी रिंग रोड बनाने के लिए आइडीए ने यह योजना लागू की थी। 2006 में सड़क निर्माण का भूमिपूजन भी हो गया था, लेकिन विरोध के कारण सड़क नहीं बन सकी। दो दिन पहले हुई आइडीए बोर्ड बैठक में विवादों में रहने वाली योजना को लेकर पारित हुए संकल्प का ब्यौरा रखा गया। सरकार को भी योजना से जुड़े फैसले के बारे में चिट्ठी लिखकर अवगत कराया गया है। आइडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने चंदन नगर रिंग रोड के लिए घोषित योजना के स्वत- समाप्त होने की पुष्टि की।

### आइडीए की यह चूक भारी पड़ी

आइडीए ने 29 सालों में इस योजना में 10 प्रतिशत विकास कार्य नहीं किया। इधर, मप्र ग्राम निवेश अधिनियम में हुए संशोधन के बाद छह माह के भीतर आइडीए ने नई स्कीम भी घोषित नहीं की। अधिनियम की संशोधित धारा 50(ख) में 25 साल पुरानी ऐसी योजनाओं को खत्म करने का प्रविधान है। इस कारण चंदन नगर योजना भी खत्म हो गई।

### कब क्या हुआ

चंदन नगर बस्ती की 13.641 हेक्टेयर जमीन पर पर वर्ष 1993 में स्कीम-126 घोषित की गई थी। कलेक्टर कार्यालय से वर्ष 1999 में भू अर्जन अवार्ड घोषित किया गया, लेकिन आइडीए को सड़क बनाने के लिए जमीन नहीं मिली। वर्ष 2006 में नए सिरे से चंदन नगर में स्कीम-156 घोषित की गई। वर्ष 2006 में आइडीए का अमला सर्वे के लिए बस्ती पहुंचा था। तब रहवासियों ने विरोध किया और पथराव कर अफसरों को भगा दिया। उसके बाद कोई प्रगति नहीं हुई और स्कीम नए नियम के तहत खत्म हो गई।

### कांग्रेस नेता ने अवैध बस्ती खुद के नाम पर बसाई थी

कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद चंदू कुरील ने अवैध चंदन नगर बस्ती बसाई थी। बस्ती का नाम भी अपने नाम पर रखा था। बस्ती की मुख्य सड़क भी चंदूवाला रोड के नाम से जानी जाती है। 30 साल पहले जब अवैध बस्ती बसाई जा रही थी तब मास्टर प्लान में यहां 100 फीट चौड़ी सड़क प्रस्तावित थी, लेकिन तत्कालीन अफसर अतिक्रमण से आंख मूंदे रहे। न सड़क बनाई न अतिक्रमण हटाए।

### 400 प्रभावितों को दिए थे प्लाट

आइडीए ने वर्ष 2006 में चंदन नगर रिंग रोड बनाने का फैसला लिया था। 400 से ज्यादा प्रभावितों को आइडीए ने पॉश लोकेशन की स्कीम 136 में प्लाट भी आवंटित कर दिए, लेकिन लोग बस्ती से हटने के लिए तैयार नहीं थे। पांच साल पहले आइडीए ने आवंटन निरस्त कर स्कीम के 400 प्लाट बेच दिए।

### अधूरी रिंग रोड से शहर को नुकसान

30 किलोमीटर लंबाई में रिंग रोड एयरपोर्ट से स्कीम-71 तक बन चुकी है। चार किलोमीटर की सड़क बन जाती तो शहर की रिंग पूरी हो जाती। अधूरी रिंग रोड के कारण बड़ा गणपति मार्ग से ट्रैफिक का दबाव रहता है। यहां से रात को बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही होती है। पश्चिम क्षेत्र से एयरपोर्ट रोड तक जाने के लिए लोगों को चार किलोमीटर की ज्यादा दूरी तय करना पड़ती है।

# मंडीदीप में नकली डीजल कारखाने का भंडाफोड़, 35 लाख का माल जब्त



**भोपाल।** राजधानी से सटी औद्योगिक नगरी मंडीदीप में प्रशासन को काफी समय से एक फार्म हाउस पर अवैध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। रायसेन कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे के आदेश पर एसडीएम आदित्य शर्मा एवं सतलापुर पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियो पर नजर रखी, तो यहां टैंकरो की आवक-जावक के साथ नकली डीजल के टैंकर नगर के पेट्रोल पम्पो सहित बाहर जा रहे थे। अधिकारियों ने छानबीन करने के बाद औचक निरीक्षण की रूपरेखा बनाकर गुरुवार को तीन विभागों ने संयुक्त कार्रवाई सुबह से शुरू की, जो शाम तक जारी रही। इस दौरान प्रशासन ने 35 लाख का माल जब?त करने की जानकारी दी है। जिसमें टैंकर में भरा 16 हजार लीटर एलडीओ तथा 2500 लीटर सफेद केरोसिन बरामद किया है। इसके साथ ही अनेक ड्रमों में डीजल भी भरा मिला। इस अवैध प्लांट में बड़ी मात्रा में केमिकल से भरी ड्रम पाई गई। हालाकि प्रशासन ने डामर प्लांट और केमिकल पर कोई कार्रवाई नही की। एसडीएम आदित्य शर्मा ने बताया की राजस्व पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली डीजल बनाने का कारखाना पकड़ा है, डीजल के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे जा रहे हैं। वहां मिले दस्तावेजों के अनुसार लता नंदा, किरण नंदा, संजय नंदा एवं राजा मियां द्वारा यह कार्य कराया जा रहा था। यह कार्य आदिशी ओवरसीज के नाम से किया जा रहा था।

### एक साल से चल रहा था अवैध प्लांट

पुलिस के अनुसार प्लांट की सारी गतिविधियां कंपनी संचालक अपने मोबाइल पर लाइव देख रहे थे, पुलिस ने बाद में कैमरे बंद कराए और डीबीआर के साथ दो टैंकर जब?त कर लिए। जानकारों का कहना है कि डामर प्लांट और केमिकल की दो सौ लीटर वाली सौ से अधिक भरे ड्रमों को पुलिस प्रशासन ने नजरअंदाज कर दिया। जबकि बताया जाता है कि यह कार्य एक वर्ष से अधिक समय से किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम आदित्य शर्मा, एसडीओपी मलकीत सिंह, थाना प्राभारी मनोज सिंह, सतलापुर थाना प्रभारी विनोद परमार, वरिष्ठ खादय अधिकारी भानू प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में संबधित अधिकारी मौजूद थे।

# डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी मामले में एक गिरफ्तार

**भोपाल।** फर्जी कंपनी बनाकर चिट फंड की तर्ज पर दो सौ लोगों के साथ करीब डेढ़ करोड़ की ठगी करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपित की तलाश की जा रही है। बागसेवनिया थाना प्रभारी संजीव चौकसे के मुताबिक चूनाभट्टी निवासी शैलेंद्र रावत (48) ने 21 जनवरी को पुलिस में शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि बागसेवनिया स्थित एईएस प्रायवेट लिमिटेड कंपनी के चीफ रीतेश गुप्ता एवं स्टेट हेड बालादीन रजक ने 15 करोड़ का लोन दिलाने के नाम पर उनके साथ छह लाख 85 हजार की ठगी की है। इसके अलावा आठ अन्य लोगों ने भी 85 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की शिकायत की थी। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि कंपनी ने 200 लोगों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी की है। इसके बाद कंपनी के कर्ताधर्ता कंपनी के आफिस में ताला लगाकर गायब हो गए। पुलिस ने स्टेट हेड बालादीन रजक (34) निवासी करीतलाई विजय राघौगढ़ जिला कटनी, हाल पता शुभसिटी अवधपुरी को गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपी रीतेश गुप्ता की तलाश की जा रही है।

### पांचवी पास है बालादीन

पुलिस ने बताया कि आरोपित बालादीन रजक पांचवीं क्लास तक पढ़ा है। फरार रीतेश गुप्ता भी मूलत- कटनी जिले का रहने वाला है। दोनों की 10 साल पुरानी दोस्ती है। वह पहले कटनी में ही कमीशन पर प्लाट बेचने का काम करते थे। पिछले साल अक्टूबर 2021 में उन्होंने एईएस नाम से निजी फायनेंस कंपनी बनाई और बागसेवनिया में कार्यालय खोला। उन्होंने कुछ कर्मचारी भी रखे, जो लोन लेने के इच्छुक लोगों से से संपर्क करते थे। उसके बाद रीतेश और बालादीन कार्यालय में लोगों से सौदा करते हुए लोन दिलाने का भरोसा देकर रुपये जमा करवाते थे।

# लोन दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन बदमाशों दिल्ली से गिरफ्तार

**भोपाल ।** जस्ट डायल से नंबर लेकर लोन दिलाने के नाम पर देशभर में करीब तीन सौ लोगों के साथ ठगी करने वाले तीन आरोपितों को सायबर क्राइम पुलिस भोपाल ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अनुमान है कि इन लोगों ने अभी तक करीब 25 लाख रुपये की ठगी की है। ये शातिर जालसाल दिल्ली में काल सेंटर खोलकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। डीसीपी क्राइम अमित कुमार के मुताबिक रोहित नगर बावड़िया कला निवासी शिब्बू थापा (29) ने दिसबंर माह में शिकायत की थी। उसमें बताया था कि अज्ञात लोगों ने रिलायंस फायनेंस कंपनी का कर्मचारी बनकर लोन दिलवाने का झांसा दिया और रजिस्ट्रेशन तथा प्रोसेसिंग फीस के नाम पर उसके साथ 58 हजार 787 रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस टीम ने दिल्ली के पीथमपुरा से प्रशांत कुमार पाटिल, योगेश पाल और गौरव शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अधिकांश जिलों में ठिठुरन बरकरार, रायसेन में 3.5 डिग्री पर पहुंचा पारा

**भोपाल।** बर्फीली हवाओं के प्रभाव से राजधानी सहित मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में ठिठुरन बरकरार है। इसी क्रम में प्रदेश में गुरुवार को सबसे कम 3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रायसेन में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण मप्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार से दिन के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की संभावना है, लेकिन रात में ठंड के तीखे तेवर फिलहाल बरकरार रहने की संभावना है। उधर, गुरुवार को मध्यप्रदेश में सबसे कम 3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रायसेन में दर्ज किया गया।

सागर एवं खंडवा में तीव्र शीत लहर चली

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि सागर एवं खंडवा में तीव्र शीत लहर चली। भोपाल, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मलाजखंड, नौगांव, होशंगाबाद, बैतूल, रायसेन, धार, खरगोन एवं रतलाम में शीत लहर का प्रभाव रहा। इंदौर, रायसेन, धार, भोपाल, उज्जैन, मंडला, टीकमगढ़, दमोह, सतना, सीधी, मलाजखंड एवं बैतूल में तीव्र शीतल दिन रहा। जबलपुर, खजुराहो, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, छिंदवाड़ा, उमरिया, रतलाम एवं शाजापुर में शीतल दिन रहा।



# अनूपपुर में किया गया सूर्य नमस्कार

अनूपपुर। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को शाम 04 बजे योगासन के कार्यक्रम के तहत सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया जिसमे महिलाये, पुरुष व बच्चे शामिल हुए और सूर्य नमस्कार किये साथ ही अन्य योग भी किये इस योग कार्यक्रम मे शामिल सभी प्रतिभागियों को एसोसिएशन द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया है अनूपपुर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा निःशुल्क लोगो को योगा की ट्रेनिंग दी जाती है ताकि लोग योग कर चुस्त दुरुस्त रहे इनके द्वारा समय समय पर योगा कैंप भी लगाया जाता है और लोगो को योगा सिखाया जाता है इसके लिए योगा सिखाने वाले पतंजलि से प्रशिक्षण प्राप्त है इस कार्यक्रम मे जो बच्चे राज्य स्तर पर अपना प्रदर्शन किये है उन्हें भी सम्मानित किया गया है कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल एवं मुकेश जैन पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अभय पाठक एस दास महापात्रा सीनियर योगा कार्यकर्ता हरी नारायण पाण्डेय शिवेंद्र ठाकुर दारा सिंह महेंद्र सिंह रामकुमार पाण्डेय दीसी जायसवाल सुनीता सिंह परिहार प्रिया सिंह परिहार उपस्थित रहे

# सासु मां को करते थे प्रताड़ित

**दामाद ने कहा : झूठी है युवती की शिकायत**

**जबलपुर यश भारत ।** अपनी दादी और फूफा के खिलाफ एक युवती ने एसपी ऑफिस में शिकायत की थी जिसमें बताया गया था जो उनका पैतृक मकान हड़पने के लिए उसके फूफा कुचक्र रच कर उसकी दादी को अपने घर ले गए इसमें युवती ने अनेक व्यक्तियों के नाम भी गिनाए थे जिससे उसे जान से खतरा था ,वही आज उपस्थित हुए पीड़िता के दमाद ने इस शिकायत को निराधार और झूठी करार देते हुए कहा की सासू मां का बेटा और बहू उनसे जमकर मारपीट करते थे और इसमें उनके नाती नातिन भी पूरा सहयोग देते थे। उन्होंने घर में कब्जा कर लिया था लेकिन कानून की मदद से उन्हें कब्जा मिल गया जिससे गुस्साए परिजनों ने उनके खिलाफ झूठी शिकायत की है। जानकारी अनुसार पीड़िता की दामाद अखिलेश तिवारी ने बताया कि श्रीमति विद्या देवी शर्मा पत्नि स्व. देवेन्द्र कुमार शर्मा उम्र लगभग 75 वर्ष निवासी 3540, चमन कोल्ड स्टोरेज के सामने, जलसा लॉन के बाजू से माढ़ोताल, जिनका मकान माढोताल जलसा लान के बाजू में स्थित है जिसका रकवा 40 बाई 60 कुल 2400 वर्गफूट है जिसमें पुत्र प्रमोद शर्मा निवासरत हैं, पुत्र वधु श्रीमति प्रभा शर्मा एव तीनो नातिन शिप्रा शर्मा (चौबे), शिल्पी शर्मा एवं कृपासिन्धु शर्मा एवं नाती शक्ति शर्मा सभी लोग सासू मां के साथ अत्याधिक मारपीट, गाली-गलौज करते चले आ रहे हैं, जिसके बाद बेटी श्रीमति प्रीति तिवारी पति अखिलेश तिवारी अपने साथ ले आये जिसके बाद अब वर्तमान में उत्तर मिलौनीगंज बंधघैया मोहल्ला जबलपुर में रह रही हूँ।

**कब्जा लेने के लिए लगाया था आवेदन**

पीड़िता के दमाद अखिलेश तिवारी ने बताया कि मकान में पुत्र से अपना हिस्सा लेने के लिये माननीय न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष आवेदन लगाया था जिसमें इनका पुत्र उपस्थित होता था, माननीय न्यायालय के द्वारा आदेश करने पर कल 24. जनवरी.2022 को माननीय नायब तहसीलदार महोदय अधारताल जबलपुर के द्वारा पुलिस थाना माढोताल से पुलिस बल के सामने 1200 वर्गफूट में अर्थात 20 बाई 60 में खाली कराकर ताला लगाकर मकान की चाबी सासू मां को दी है। सासू मां के पुत्र, पुत्र वधु व नाती एवं नातिनें पूरे मकान में कब्जा किये हुए थे, कल की कार्यवाही के पश्चात क्षुब्ध होकर नातिन शिल्पी शर्मा के द्वारा झूठी शिकायत अखिलेश तिवारी, आदित्य तिवारी, तारू खनत्री, सत्यम जैन, के विरूद्द माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष की है जो कि गलत है, इन चारों लोगों का सम्पत्ति से कोई लेना-देना नहीं है। तारू खत्री एवं सत्यम जैन सामाजिक व प्रतिष्ठित व्यक्ति है इन दोनो का सम्पत्ति से कोई लेना-देना नहीं है उन्होंने बताया कि यह सासू मां का पारिवारिक विवाद है जो कल दिनाक से समाप्त हो गया है, उनके मकान में उन्हें कब्जा मिल गया जिसकी वीडियो रिकार्डिंग मेरे पास एवं न्यायालय के पास सुरक्षित है ।





# शान से लहराया तिरंगा

**बेल खाड़ू** /73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मोहास बेलखाड़ू के आंगनवाड़ी केंद्र मैं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति नगायच द्वारा ध्वज फहराने का कार्यक्रम रखा गया व सूरतलाई मै पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह गौर ने पंचायत भवन में तिरंगा ध्वज फहराया जिसमें सचिव नंदकिशोर पटेल जीआरएस सौरभ राम सिंह परिहार बालमुकुंद पटेल रामसिंह विश्वकर्मा बीड़ी लाल कॉल पंच सुरेश कॉल पंच जोगेंद्र सिह गुड्डा पटेल एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा सोनी अंजू पटेल राधा चढ़ार ग्राम कोटवार मुरली चढ़ार एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे

## पीएनबी सिवनी के अकाउंट में डलवाता है रिश्वत के पैसे

# कलेक्टर के नाम का भय दिखा खुलेआम रिश्वत ले रहा सहायक यंत्री शिवहरे







*विक्रांत पटैल*

***नरसिंहपुर यभाप्र।** अध्यक्षीय कार्यकाल खत्म होते ही नगर पालिका नरसिंहपुर में भ्रष्टाचार चरम पर है। भवन अनुज्ञा से लेकर जनता से जुड़े अनेकों काम ऐसे है जो बिना नजराना दिये नही होते। ताजा मामला भवन अनुज्ञा से संबंधित है जिसमें आवेदक से अनुज्ञा के नाम पर मोटी रकम माँगी गई, आवेदक के मना करने पर प्रकरण निरस्त करने की धमकी दी गई। आवेदक से किसी बाबू ने नहीं बल्कि सहायक यंत्री अभिषेक शिवहरे ने पैसे माँगे वो भी ये कहके कि कलेक्टर साहब प्रशासनिक अधिकारी है पैसे तो लगेंगे ही। आश्चर्यजनक ये है कि शिवहरे इतना बेखौफ है कि रिश्वत के पैसे के लिए बकायदा सिवनी का एक अकाउंट नम्बर भी देता है जिसमे आवेदक पैसे जमा करके पावती भी दिखाते है।*

जानकारी अनुसार आवेदक श्रीमती पुष्पा दुबे ने भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु एक माह पूर्व ऑन लाइन आवेदन किया आवेदन के बाद से ही शिवहरे के दलालों ने आवेदक के पति से सम्पर्क किया पैसों का मना करने पर अनेक तरह की आपत्ति सामने आई जिन्हें आवेदक पूर्ण करता गया आखिर में शिवहरे ने आवेदक के पति को बुला पैसे माँगे मना करने पर प्रकरण निरस्त करने की धमकी दी। आवेदक के पति से ये भी कहा कि तुम्हारा प्लाट वैध कालोनी में नहीं है यदि अनुज्ञा चाहिए तो पैसे दो। आवेदक के पति ने सहायक यंत्री को कुछ प्रकरण भी अपने क्षेत्र के बताए जिनकी अनुज्ञा हुई तो शिवहरे ने उल्टा आवेदक से अभद्र व्यवहार किया कि नियम मेरे चलेंगे।

### मुँह माँगी रकम मिलने पर बदलते है नियम

जानकारी अनुसार यदि आवेदक शिवहरे द्वारा माँगे पैसे देने तैयार हो जाते है तो उन आवेदकों को नियमों में शिथिलता देते हुए लाभ पहुँचाया जाता है। ऐसे अनेक अनुज्ञा नपा से जारी भी हुई है जो वैध कालोनी में नहीं थीं किंतु आवेदकों ने साहब की मनी तो उन्हें अनुज्ञा मिली।

### सिवनी के अकाउंट में डलवाता है पैसा

सहायक यंत्री अभिषेक आवेदकों से रिश्वत के पैसे सिवनी के पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट नम्बर 2739000100065032 पर डलवाता है । आवेदक द्वारा पावती दिखाने के बाद ही प्रकरण निराकृत किए जाते है। इसका प्रमाण भी **यशभारत** के पास है जिसमें एक व्हाट्सएप के माध्यम से शिवहरे की रिश्वत के पैसों की खुल्ली बात है साथ ही आवेदक द्वारा संबंधित अकाउंट में पैसे जमा करके उसका स्क्रीन शॉट भी पावती के रूप में दिखाया।

### शिवहरे का साथ देते है लोनिवि के कर्मचारी

रिश्वत के इस खेल में नपा के लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी भी साथ देते है। **यशभारत** ने जब संबंधित शाखा के एक विनियमित कर्मचारी से श्रीमती पुष्पा दुबे के प्रकरण में जानकारी चाही तो उसने वैध कालोनी अवैध कालोनी का रटारटाया जवाब दिया। जब उससे ऐसे ही प्रकरण में अनुज्ञा जारी होने पर पूछा तो उसने डाईवर्टड वाली कहानी बताई। कुल मिलाकर यदि आवेदक पैसे खिलाए तो नियम आवेदक की सुविधानुसार नहीं तो आवेदक को चक्कर कटवाया जाता है।

### कलेक्टर को लेना होगा संज्ञान

चूँकि वर्तमान में जिला कलेक्टर नपा के प्रशासनिक अधिकारी है इसलिए वहाँ खुलेआम चल रहे भ्रष्टाचार पर संज्ञान लेना चाहिए। इसलिए भी क्यूंकि आवेदकों को उन्ही के नाम से डराया जाता है।

### सिवनी के अकाउंट की कराई जाए जाँच

नपा के प्रशासनिक अधिकारी और जिले के मुखिया को शिवहरे की रिश्वत के लिए उपयोग हो रहे सिवनी के उक्त अकाउंट की जाँच कराना चाहिए हो सकता है भवन अनुज्ञा के साथ ही दूसरे भ्रष्टाचारों का खुलासा हो।

### इनका कहना है

शिकायत मेरे संज्ञान में आयी है मैं जांच कराकर नियमानुसार कार्यवाही करूंगा।

**कुंवर विश्वनाथ सिंह-मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर**

# कचरा गाड़ी के चालक ने फहराया तिरंगा



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस समाजसेवी मुकेश बसेड़िया के सानिध्य में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर माँ विजयासन इंस्टीट्यूट गाडरवारा में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका सफाई कर्मी कचरा गाड़ी के चालक मनोज श्रीवास ने ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष वयोवृद्ध माता सुश्री राधावाई बागवान रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका सफाई कर्मी कचरा गाड़ी चालक पंकज वैष्णव, मनोज बंशकार की गरिमामयी उपस्थिति में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मुकेश बसेड़िया ने रुद्राक्ष की माला व श्रीराम कवच वस्त्र पहनाकर किया। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट के संचालक व वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने अतिथियों को वस्त्र व कंबल प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने बेटियों को शिक्षा प्रोत्साहन हेतु पठन, लेखन सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की स्वच्छता का सम्मान व सामाजिक समरसता को समर्पित कर गणतंत्र दिवस मनाते हुए वृद्धमाता को अध्यक्ष बनाकर वृद्धजनो के सम्मान के लिये एक अभिनव प्रयास किया है। कार्यक्रम में कीर्ति विश्वकर्मा, आरती कहार, तनुश्री बसेड़िया के साथ स्टाफ की उपस्तिथी रही।

## बूथ विस्तारक समिति की बैठक संपन्न

**नरसिंहपुर यभाप्र।** आजाद वार्ड बूथ क्रमांक 204 की बूथ विस्तारक समिति की बैठक विधायक जालम सिंह पटैल की उपस्थिति में गत दिवस संपन्न हुई। इस अवसर पर 12 लोगो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर हाजी शब्बीर उस्मानी, कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, अवधेश शर्मा, दीपक दुबे, नगर भाजपा अध्यक्ष मनीष ठाकुर, मनमोहन सिंह सलूजा, शारदा साहू, इरफान उद्दीन, नीरज ठाकुर, अलीम सिराजी, अरविंद नौरिया, अजय सोनी, इक्कू भाई, हनीफ खान एवं बूथ समिति के अध्यक्ष शफीक खान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक जालम सिंह के समक्ष भाजपा की सदस्यता सलमान खान, सोहिल खान, अयान खान, सलीम खान, खुर्शीद खान, शेख सलीम मंसूरी, बगेश कहार, अंकित सेन, यश ठाकुर, स्वास्तिक दुबे, शिवम चौधरी ने सदस्यता ग्रहण की।

# बीटीआई स्कूल में शिक्षा चेतना झाँकी के सदस्य हुए सम्मानित





**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन के मार्गदर्शन में शिक्षा चेतना झाँकी का प्रदर्शन शिक्षा चेतना प्रमुख हल्केवीर पटैल, उच्च माध्यमिक शिक्षक कृष्णकुमार राजौरिया एवं पवन राजौरिया एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। झांकी में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिक्षा चेतना टीम को पुरुस्कृत किया गया था। बीते दिवस जिला स्तर पर सम्मानित शिक्षा चेतना टीम के गाडरवारा आगमन पर स्थानीय बीटीआई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य जय मोहन शर्मा, आदर्श स्कूल प्राचार्य के के वर्मा, प्रभारी बीआरसी संदीप स्थापक सहित शिक्षकों की उपस्तिथि में ढोल-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य जय मोहन शर्मा ने कहा की जिला मुख्यालय पर शिक्षा चेतना झाँकी को प्रथम स्थान मिलना गौरव की बात है। आदर्श प्राचार्य के के वर्मा ने कहा की शिक्षा चेतना टीम को कड़ी मेहनत के बलबूते ही ये सम्मान मिला है। प्रभारी बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा की शिक्षा चेतना झाँकी के सम्मान ने शिक्षको को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम को शिक्षक हल्केवीर पटैल, कृष्ण कुमार राजोरिया, पवन राजौरिया, सुरेन्द्र पटैल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अर्पणा ब्राउन ने किया। इस अवसर पर विनय शंकर शर्मा, मनमोहन शर्मा, शिल्पी गुप्ता, मिश्रा मेम, मधुसुदन पटैल, राजेन्द्र गुप्ता, राकेश शर्मा, डी एस साहू, अंशुमान दुबे, आलोक सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेनानी के स्मारक पर हुआ ध्वजा रोहण

तेंदूखेड़ा यभाप्र। नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व, रामचंद्र राय के स्मारक पर प्रभारी तहसीलदार रमाकांत चौकसे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर एसडीओपी श्रीमती मेहंती मरावी, सीएमओ श्रीकांत पाटर, डा शचींद्र मोदी, महेंद्र तिजोरीवाले, अजयगुप्ता, कमलेश पुजारी, सुनीलमोदी, अजयजैन, राजेश बरियाबाले, श्रीकांतगुप्ता, रविनामदेव, महेशसाहू, रूपम मनकेडी वाले, कमल जैन वाले, दीपक सिंघई, पुरुषोत्तम राय, टिंकूअग्रवाल, नजीर भाई, गगन अग्रवाल, दिनेश ठाकुर, सजल शर्मा, माधव वर्मा, श्रीमती सपना वर्मा, श्रीमतीसुधा मालवीय एवं सेनानी परिवार के अशोक राय, अरविंद राय, किशोर राय, राजेश राय, सहित नगर के गणमान्य नागरिक शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# कोविड की गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाई गई 73 वीं वर्षगांठ

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** गणतंत्र दिवस की 73वीं वर्षगांठ कोविड की गाइड लाइन का पालन करते हुए सादे माहोल में मनाई गई।इस मौके पर केवल प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ही अपने अपने कार्यालयों का ध्वजा रोहण किया तथा नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने गांधी जी की प्रतिमा पर पहुंच कर माल्यार्पण किया।नगर परिषद का ध्वजारोहण सीएमओ श्रीकांत पाटर ने एवं शहीद स्मारक का नायब तहसीलदार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नगर की शैक्षणिक संस्थाओं का ध्वजारोहण संस्थाप्रधानों द्वारा किया गया। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शहीद राजा डेलन शाह नरवर शाह की शहीद स्मारक ढिलवार में उनके वंशजों द्वारा ध्वजा रोहण किया गया।

### विधायक ने किया अपने गृह ग्राम में ध्वजारोहण

विधायक संजय शर्मा अपने गृह ग्राम देवरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर एवं सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोसरा में पहुंचकर ध्वजारोहण किया।

# बीएसएल पब्लिक स्कूल में मनाया गया 73 वां गणतंत्र दिवस समारोह




**करेली यभाप्र।** नगर की शैक्षणिक संस्था बीएसएल पब्लिक स्कूल में 73 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर चेतन लूनावत ने ध्वज फहराया एवं संविधान की उपयोगिता बताते हुए संविधान के बारे में जानकारी दी। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मिथिलेश राजोरिया ने विद्यालय में उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महापुरुषों को याद किया एवं अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के स्टाफ द्वारा देश भक्ति के गीत से विद्यालय परिषद में मौजूद जनों को देश की भक्ति के रंग में डूबो दिया। इस अवसर पर भविक लूनावत तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। देश भक्ति में डूबे विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि को तुलसी का पौधा अर्पण किया गया।

# सांगई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रधानपाठक धनराज धानक ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मधुसूदन पटेल, दशरथ जाटव, विवेक नाइक, लता कहार, किरणलता ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने विंटेज लुक में बनाया मुंबई में आलीशान बंगला, पिता की याद में रखा नाम



नवाजुद्दीन सिद्दीकी सालों की मेहनत के बाद अभिनय के क्षेत्र में अपना एक मुकाम बनने में कामयाब रहे हैं। वह अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। उनके बारे में माना जाता है कि जमीन से जुड़े हुए अभिनेता हैं। मुंबई में जैसे ही काम से फुरसत मिलता है वह अपने होमटाउन मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना (उत्तर प्रदेश) जाते रहते हैं। अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने सपनों के शहर मुंबई में अपना एक आलीशान बंगला बना लिया है। खास बात ये है कि अपने पिता के नाम पर उन्होंने इसका नाम नवाब रखा है। उनके इस बंगले का डिजाइन उनके बुढ़ाना स्थित घर के डिजाइन से प्रेरित है।

### वायरल हैं तस्वीरें

47 वर्षीय अभिनेता ने बंगले का इंटीरियर डिजाइन खुद अपनी देख-रेख में किया। बंगले को पूरा होने में 3 साल लग गए। इसे पूरा व्हाइट कलर में रखा गया है। साथ ही काफी पेड़ पौधे लगे हुए हैं। सामने खुली जगह है जहां पर बैठने के लिए व्यवस्था है। बंगले का एंट्री गेट लकड़ी से ट्रेडिशनल डिजाइन में बना है। बालकनी में हैंगिंग लाइट्स हैं जो घर को विंटेज लुक दे रही हैं।

### साझा की थी फोटो

नवाजुद्दीन के घर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने गार्डन से एक तस्वीर साझा की थी जिसमें वह कुर्सी पर बैठकर अखबार पढ़ते नजर आए थे।





# Bigg Boss 15ज् बेघर होते ही राखी सावंत ने 'बिग बॉस' पर लगाया आरोप

**राखी सावंत को एंटरटेनमेंट क्वीन यूं हीं नहीं कहा जाता। 'बिग बॉस 15ज् में उनके प्रवेश के साथ ही दर्शकों का क्रेज एक बार फिर से शो की ओर देखा गया। उससे पहले मेकर्स गिरती टीआरपी से परेशान थे।**

## कहा- 'मैं कोई टिशू पेपर नहीं हूं'

किसी भी सीजन में जब-जब राखी सावंत ने बिग बॉस के घर में प्रवेश किया है मेकर्स को इसका फायदा मिला है। सीजन 15 के फिनाले में कुछ ही दिन बचे हैं उससे पहले वह शो से बाहर हो चुकी हैं। पैपराजी से बात करते हुए राखी सावंत रोने लगीं और कहा कि वह कोई टिशू पेपर नहीं हैं कि शो में इस्तेमाल किया और फेंक दिया।

### खुद को बताया ट्रॉफी की हकदार

राखी सावंत के जिम के बाहर मीडिया के लोग पहुंचे थे। राखी उनसे बात करते हुए कहती हैं, 'इसका मतलब ये है कि बिग बॉस अगर आप हर साल मुझे बुलाएंगे तो आप सिर्फ मुझे टिश्यू की तरह इस्तेमाल करेंगे। मैं टिशू पेपर नहीं हूं बिग बॉस। मैं जीती जागती इसान हूं। एंटरटेनमेंट के लिए, जब तक संतरे में जूस है, आप निचोड़ लेंगे फिर छिलका फेंक देंगे।'

राखी ने आगे कहा, 'मैं कोई संतरा, नींबू या कोई टिशू पेपर नहीं हूं बिग बॉस कि आप मुझसे एंटरटेनमेंट लेंगे लेकिन जब फिनाले का समय आएगा दूसरों को ले जाएंगे फिनाले में। बिग बॉस आपको पता है कि आई लव यू सो मच। मैं ट्रॉफी की हकदार थी. मैं डिजर्व करती थी।

### फैन्स ने किया सपोर्ट

राखी अपनी बात कहते-कहते रो पड़ती हैं। उनके फैन्स उनकी बात से सहमत दिखते। एक यूजर ने लिखा- 'बहुत गलत हुआ अगली बार मत जाना।' एक ने कहा, 'सही बोलती है राखी।' एक अन्य ने कहा, 'ये तो सही बोली मैम। बिग बॉस ने गलत किया।' एक यूजर लिखते हैं, 'अगले सीजन में मत जाना राखी।'

# विराट कोहली के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर में खेल सकते हैं बेबी एबी डिविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस (Dewald Brevis) इस समय अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 में छाए हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी स्टाइल बिलकुल एबी डिविलियर्स जैसी है। वो छक्के भी डिविलियर्स की तरह ही उड़ाते हैं। उनके हर शॉट में मिस्टर 360 डिग्री की झलक दिख रही और इसलिए अब उन्हें च्बेबी एबी डिविलियर्सज् के नाम से बुला रहे हैं। 18 साल के ब्रेविस की बल्लेबाजी डिविलियर्स की तरह ही लग रही है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी शानदार बल्लेबाजी से सबका



ध्यान अपनी ओर आ?कर्षित करने वाले ब्रेविस अब आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन (IPL w®ww Mega Auction) में उतरने वाले हैं। ब्रेविस ने आईपीएल नीलीमी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

## अगले महीने इस तारीख को रिलीज होगी आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी



संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की रिलीज डेट का एलान हो गया है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट कई बार टलने के बाद आखिरकार ये अगले महीने यानी 25 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। संजय लीला भंसाली ने कुछ देर पहले ही इसकी घोषणा की है।संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही गंगूबाई काठियावाड़ी काफी लंबे समय से चर्चा में है। बता दें कि फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली, आलिया भट्ट और फिल्म के दूसरे स्टार कास्ट को कोरोना हो गया था और इसके कारण भी फिल्म की शूटिंग पूरा होने में वक्त लग गया। पिछले साल नवंबर में फिल्म की रिलीज डेट 18 फरवरी 2022 तय की गई थी, हालांकि कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए इसकी रिलीज डेट डाल दी गई। इस फिल्म में आलिया भट्ट गंगूबाई का किरदार निभा रही हैं। आलिया फिल्मों में दमदार किरदार निभाती हैं, लेकिन पहली बार वो डॉन के किरदार में नजर आने वाली हैं। काफी पहले इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है। हालांकि इसका ट्रेलर फैंस को कुछ खास पसंद नहीं आया था।आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो गंगूबाई काठियावाड़ी के अलावा वो फिल्म %आरआरआर% में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म जनवरी में ही रिलीज होने वाली थी लेकिन इसकी भी रिलीज पोस्टपोन कर दी गई।इसके अलावा वो रणबीर कपूर के साथ फिल्म %ब्रह्मास्त्र% में नजर आने वाली हैं। दर्शक रणबीर और आलिया को पहली बार स्क्रीन पर साथ देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। आलिया रणवीर सिंह के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का भी हिस्सा बनेंगी जिसका एलान कुछ महीनों पहले ही हुआ है।

## सारा अली खान की आंखों में डूबे विकी कौशल, पूरी की अनटाइटल फिल्म की शूटिंग

**विकी कौशल इन दिनों लगातार अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ के चलते सुर्खियों में छाए हुए हैं। शादी के बाद से ही विकी कौशलअपनी अपकमिंग फिल्म के सिलसिले में इंदौर और मुंबई के चक्कर काटते रहे हैं।**

बता दें कि विकी कौशल जल्द ही डायरेक्टर लक्ष्मी उतेकर की अपकमिंग फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस अनटाइटल फिल्म में विकी कौशल के अपोजिट सारा अली खान (Sara Ali Khan) नजर आने वाली हैं। पिछले कुछ समय से विकी और सारा इंदौर में इस फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। आज इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। विकी कौशल के साथ-साथ सारा अली खान ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है और साथ ही इस फिल्म की शूटिंग से जुड़े अनुभवों को भी शेयर किया है।



### विकी-सारा ने साझा किए अनुभव

अपनी फिल्म की पहली झलक शेयर करते हुए विकी कौशल ने इंस्टाग्राम पर लम्बा चौड़ा पोस्ट शेयर किया है। विकी कौशल ने लिखा है, च्नाम में क्या रखा है, अभी तो रैप् हुआ है। इसी के साथ उन्होंने दिनेश विजान और सारा अली खान समेत पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया है। विकी कौशल ने आगे लिखा है, च्हर दिन इस कहानी को शूट करना मेरे लिए यादगार बन चुका है। आप लोगों को और सारी मस्ती को खूब मिस करूंगा। साथ ही इंदौर के सभी शानदार लोगों का शुक्रिया जिन्होंने हमारा इतना साथ दिया और हमें इतना प्यार दिया। शुक्रिया...। बात ये दिल की है जो घर घर तक पहुंचेगी...या शायद बात घर की है जो हर दिल को छुएगी। वहीं सारा अली खान ने इस फिल्म से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया है।

## पहली बार राजेश खन्ना ने रात में किया ओवरटाइम शर्मिला टैगोर संग बनी फिल्म 'अमर प्रेम' के 50 साल पूरे




हिंदी सिनेमा में राजेश खन्ना एक करिश्मे का नाम है। फिल्म 'बंधन' से शुरू करके फिल्म 'मर्यादा' तक 17 लगातार हिट और इनमें से 15 फिल्में सोलो हिट। ये करिश्मा इसके पहले न कभी हुआ और शायद ही कभी अब आगे होगा। सोचें तो ये करिश्मा हुए भी 50 साल से ऊपर का वक्त गुजर चुका है। लेकिन, हिंदी सिनेमा का शौकीन शायद ही कोई ऐसा बच्चा, बूढ़ा और जवान होगा जिसे राजेश खन्ना का नाम न पता हो। सुपरस्टार बनने की वह एक किताब हैं। उनका हर सबक कमाल है। कहानी सुन ली और अच्छी लगी तो फिर फिल्म करनी ही है चाहे फिर शूटिंग दिन रात ही क्यों न करनी पड़े। गाने बन रहे हैं तो गीतकार से लेकर संगीतकार और गायक तक के साथ लगातार बैठकी और रिकॉर्डिंग तो कभी मिस ही नहीं करना। वह इसलिए कि किशोर कुमार की गाना गाते समय की हर हरकत राजेश खन्ना अपनी अदाकारी में जो ले आते थे। फिल्म अच्छी बन रही है, इसका भरोसा दिलाने की बारी आए तो निर्माता से पैसे न लेकर फिल्म के वितरण अधिकार ले लेने का सिलसिला भी राजेश खन्ना ने ही शुरू किया। और, निर्देशक से मन लग गया तो फिर तो कहना ही क्या? राजेश खन्ना दरअसल स्टार राजेश खन्ना बने फिल्म 'आराधना' से और उन्हें सुपरस्टार का तमगा दिलाया फिल्म 'कटी पतंग' ने और एक कमाल अभिनेता वह साबित हुए फिल्म 'अमर प्रेम' में। और, तीनों फिल्मों के निर्देशक हैं शक्ति सामंत। शक्ति सामंत निर्देशित फिल्म 'अमर प्रेम'को रिलीज हुए 50 साल पूरे हो रहे हैं और इसी फिल्म पर है हमारा आज का बाइस्कोप। शक्ति सामंत को कहीं से बिभूतिभूषण बंदोपाध्याय की एक कहानी पढ़ने को मिल गई, 'हिंगेर कचौरी' यानी हींग की कचौड़ी। उन्हें ये कहानी बहुत पसंद आई। फिर उन्हें पता चला कि इस कहानी पर तो बांग्ला में एक फिल्म भी बन चुकी है। उन्होंने फिल्म देखी और इसकी चर्चा शर्मिला टैगोर से की। शर्मिला उस दिन शक्ति सामंत से मिलने उनके दफ्तर पहुंची हुई थीं।

# Janhvi Kapoor ने पहने बेहद टाइट कपड़े, कार में बैठते समय हुई Oops Moment का शिकार



Janhvi Kapoor Oops Moment: कई बार अभिनेत्रियों की ऐसी फोटोज कैमरे में कैप्चर हो जाती हैं। जिसके कारण उन्हें कई बार शर्मिंदा होना पड़ता है। ऐसी ही एक तस्वीर इन दिनों वायरल हो रही है।

इस फोटो में जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) जिम के बाहर नजर आ रही है। कार में बैठने के लिए एक्ट्रेस जैसी ही कार की तरफ मुड़ी तो बैक साइड से उनका उप्स मूमेंट (Oops Moment) कैमरे में आ गया। सोशल मीडिया पर जाह्नवी की फोटो वायरल हो रही है। फोटो में अभिनेत्री जिम के टाइट आउटफिट में दिखीं। उन्होंने पिंक कलर का टॉप और ब्लू कलर के टाइट्स पहने हैं। एक्ट्रेस ने अपने बालों की दो चोटियां बनाई हैं। जिसमें काफी क्यूट लग रही हैं। एक फोटो में जाह्नवी कपूर कैमरे के सामने फेस करते हुए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में उनका फेस कार की तरफ और कैमरे के साइड पीठ है।

### उप्स मूमेंट का शिकार

अभिनेत्री ने इतने टाइट कपड़े पहने हैं। उनके अंडरगॉर्मेंट्स साफ दिखाई दे रहे हैं। इस तरह जाह्नवी कपूर उप्स मूमेंट का शिकार हो गईं। इससे पहले जाह्नवी कपूर मोनोकिनी तस्वीर काफी चर्चा में रही। फोटो में एक्ट्रेस हॉट नजर आ रही हैं। उन्हें पूल के किनारे बैठे देखा जा सकता है। जाह्नवी ने काले रंग की मोनोकिनी पहनी है। वह अपने बालों को संवारती पोज दे रही है।

### बिकिनी फोटो वायरल

वहीं जाह्नवी कपूर की बिकिनी फोटो काफी वायरल हो रही हैं। इन फोटो में अभिनेत्री पूल में डुबकी लगाती दिखाई दीं। उन्होंने येलो कलर की बिकिनी पहनी है। जिसमें एक्ट्रेस का लुक देखने लायक है। वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस फिल्म च्गुड लक जैरीज् में दिखाई देंगी। इसके अलावा च्दोस्ताना 2ज् और चमिस्टर एंड मिसेज माहीज् में फैंस उन्हें देखेंगे।

## बंगाली ब्राइड बनते ही मौनी रॉय ने मंडप में मचाया शोर, सूरज नाम्बियार ने दे डाला ये रिएक्शन

एक्ट्रेस मौनी रॉय (Mouni Roy) ने आज दिन में ही दुबई के बिजनेसमैन सूरज नाम्बियार संग साउथ इंडियन रीति रिवाज से शादी रचाई है। मौनी रॉय की शादी की रस्मों का आयोजन गोवा में किया गया है। साउथ इंडियन के बाद अब मौनी रॉय बंगाली रीति रिवाज से सूरज नाम्बियार संग शादी कर ली है। पर्दे पर मौनी रॉय कई बार दुलहन का जोड़ा पहन चुकी हैं लेकिन फैंस उन्हें असल जिंदगी में बंगाली ब्राइड के लुक में देखने के लिए बेताब थे। सोशल मीडिया पर मौनी रॉय की बंगाली वेडिंग की तस्वीरें और वीडियोज धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं और इसी के साथ अब उनके फैंस का इंतजार भी खत्म हो गया है।

शादी के मंडप पर दिखीं मौनी

मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार की बंगाली वेडिंग का एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक्ट्रेस की खुशी देखते ही बन रही है। सामने आए इस वीडियो में मौनी रॉय अपनी शादी में आए मेहमानों की ओर देखकर इशारा कर रही हैं कि वो थोड़ा तो शोर मचाएं ताकि पता तो चले कि आखिर किसकी शादी है।



इस वीडियो को मौनी रॉय के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार के बंगाली वेडिंग की तस्वीरें आई सामने।

# लव सेक्स और धोखा

# युवती ने प्रेमी से तंग आकर की थी आत्महत्या , आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर यश भारत। माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्राम रैगवा मे पिछले दिनों एक 18 वर्षीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी जांच के बाद प्रेम की नई कहानी सामने आई तो पुलिस भी दंग रह गई ।**



दरअसल मामला 2 साल पुराना है जब युवती को देखकर आरोपी को पहली नजर का प्यार हुआ था जिसके बाद आरोपी ने नज़दीकियां बढ़ाएं और युवती का शोषण किया लेकिन बाद में जब युवती को पता चला कि उसके प्रेमी की जिंदगी में कोई और है तो वह यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और जहर खाकर मौत को गले लगा लिया । पुलिस ने गुरुवार की दरमियानी रात आरोपी युवक को कटंगी से गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ जारी है। जांच अधिकारी एएसआई राजेंद्र प्रसाद अहिरवार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम रैगवा निवासी एक 18 वर्षीय युवती ने विगत दिनों जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।

### - 2 साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया अज्जू उर्फ अजय कुशवाहा उम्र 25 साल प्रज्ञा धाम मंदिर के पीछे कटंगी का निवासी है । जिसे दरमियानी रात गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने यह कबूल किया है कि उसका मृतका से 2 साल से अफेयर चल रहा था लेकिन वह बात आगे नहीं बढ़ाना चाहता था जिसके चलते युवती ने आत्मघाती कदम उठाया।

### - परिजनों से मिला सुराग

पुलिस ने बताया कि अमृत का ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा था जिसके चलते जांच आगे नहीं बढ़ पा रही थी परिजन भी कुछ बताने तैयार नहीं थे जिसके बाद पुलिस ने युवती के दोस्तों से जानकारी हासिल की और फिर युवती के दुख में डूबे परिजनों ने आखिरकार पुलिस के सामने मुंह खोल दिया परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी कटंगी देवासी युवक से प्रेम करती थी दोनों की शादी की चर्चाएं भी चल रही थी लेकिन इसी बीच दोनों में पता नहीं क्या बात हुई कि उनकी बेटी ने मौत का रास्ता चुन लिया।

### -छोड़ चुकी थी पढ़ाई

–पुलिस ने बताया कि आरोपी अज्जू ग्रेजुएट. पास है वही प्रेम में पढ़कर मृतिका पढ़ाई छोड़ चुकी थी दोनों की मुलाकात एक समारोह में हुई थी जिसके बाद से दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई लेकिन आखरी में आरोपी युवक ने मृतका को धोखा दे दिया पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है।



जारी है शीत लहर का प्रकोप

# गुरुवार को पारा रहा 1.9

जबलपुर। बुधवार रात से शुरू हुई शीतलहर और बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को सबसे कम तापमान 1.9 डिग्री अधारताल सुहागी स्थित कृषि विश्वविद्यालय की वेधशाला मैं रिकॉर्ड किया गया मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन इसी तरह कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। न्यूनतम ठंड के कारण लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी सन्नाटा छाया है।पिछले सात वर्ष में जबलपुर में जनवरी में सबसे ज्यादा ठण्ड में 16.1 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई है । अगले दिन न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री रहने की संभावना है। गत दिवस सम्पूर्ण प्रदेश में प्रदेश का औसत तापमान 7 डिग्री से नीचे रहा । 31 जनवरी तक रात के तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान बर्फीली हवाओं के चलने से ठिठुरन का एहसास होगा। लगातार शीत लहर चलने के कारण प्रभावित इलाकों में हार्ट अटैक एवं ब्रेन स्ट्रोक की घटनाएं बढ़ जाती हैं। केवल बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं ही नहीं बल्कि स्वस्थ देखने वाले 35 से 50 आयु वर्ग के लोग भी इसका शिकार होते हैं। यह एक प्रकार से मौसम की धारा 144 है। केवल आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। उधर मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, सागर, दमोह, जिलों में अगले 2 दिनों तक कोल्ड डे बना रहेगा। यानी तापमान सामान्य से कम रहेगा। इन इलाकों में संभव है त्वचा पर ठंड का एहसास ना हो परंतु कोल्ड डे की ठंडी हवाएं शरीर के अंदर पहुंचकर काफी नुकसान पहुंचाती हैं। कृपया घर में रखा हुआ शुद्ध घी एवं कोकोनट ऑयल देखें। यदि वह पत्थर की तरह जम गया है तो घर से बाहर ना निकले।

# गोरखपुर में लेडी सिंघम का कारनामा

## घर में घुसकर युवक को पीटा ,तोड़ दिया सारा सामान

**जबलपुर ,यशभारत।** गोरखपुर के ब्रिज मोहन नगर में दरमियानी रात क्षेत्र की एक लेडी सिंघम ने जमकर उत्पात मचाते हुए एक युवक के घर में घुसकर जमकर मारपीट कर दी इतना ही नहीं जब मारपीट करने से मन नहीं भरा तो लेडी सिंघम ले घर का सामान भी चकनाचूर कर दिया और मौके से फरार हो गई घायल अवस्था में थाने पहुंचा युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार लेडी सिंघम को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए झलकन लड़या उम्र 22 साल ने बताया कि वह ब्रिज मोहन नगर का निवासी है दरमियानी रात क्षेत्र की लेडी सिंघम सहाना शेख ने पुरानी रंजिश का बदला लेते हुए उसके साथ जमकर लात घुसा से मारपीट करती इतना ही नहीं आरोपी महिला ने युवक के घर का सामान भी तोड़ दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पिछले दिनों हुआ था वीडियो वायरल

पुलिस ने बताया की रामपुर की सहाना शेख का पिछले दिनों मारपीट करने का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसके खिलाफ अन्य मामले हैं जल्दी ही महिला को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### देसी शराब बेचने के लिए खड़ा था पहुंच गई पुलिस

पुलिस ने बताया कि दरमियानी रात गश्त के दौरान शराब तस्कर संजय यादव उम्र 40 वर्ष निवासी मांडवा अट्ठारह पाव देसी शराब लिए मेन रोड पर खड़ा था और ग्राहक का इंतजार कर रहा था सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया जिससे पूछताछ जारी है ।



साहस का सम्मान

## एसपी ने छात्रा से कहा वेल्डन बेटी

**जबलपुर, यश भारत ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने आज साहसी छात्रा संध्या आर्मो का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उसके साहसिक कारनामे पर पीठ थपथमाते हुए कहा कि वेल्डन बेटी । उल्लेखनीय है कि महाकौशल कालेज की छात्रा संध्या आर्मो पिता बेनीराम आर्मो ने साहस का परिचय देते हुए उसका मोबाइल छीनकर भागे रहे दो लुटेरों का पीछा कर सिविल लाइन में दोनों को पकड़वाने में अदम्य साहस का परिचय दिया।

# फेसबुक आईडी हैक कर जालसाज दोस्तों से मांग रहा पैसा

## युवक ने पुलिस कप्तान से की शिकायत

**जबलपुर यश भारत ।** फेसबुक आईडी हैक कर मैसेंजर पर एसएमएस कर पैसे मांगने का गोरखधंधा इन दोनों खूब फल फूल रहा है जिसकी एक बानगी आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उस वक्त देखने मिली जब एक पीड़ित युवक ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी फेसबुक आईडी हैक कर जालसाज उसके दोस्तों से पैसे की उगाही कर रहे हैं पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया ह। जानकारी अनुसार शोभापुर थाना रांझी निवासी राहुल मिश्रा ने बताया कि विगत दिनों उनकी फेसबुक आईडी किसी जालसाज ने हैक कर ली है और उनके दोस्तों से मैसेज कर पैसे की मांग की जा रही है मामला तब पता चला जब उनके दोस्तों ने फोन कर बताया जिसके बाद युवक भागता हुआ रांझी थाने पहुंचा लेकिन पुलिस अधिकारियों ने दो टूक कह दिया कि मामला बड़ा है एसपी ऑफिस मैं मामले की शिकायत करो जिसके बाद पीड़ित युवक ने एसपी ऑफिस में शिकायती आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बेकाबू बाइक ने युवक को मारी टक्कर

**जबलपुर यश भारत ।** चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसके चलते दोनों बाइक सवार सड़क से 10 फीट दूर जा गिरे हादसे में एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया जिसे आनन–फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे में युवक के पूरे शरीर में गहरे जख्म आए हैं पीड़ित की शिकायत पर पुलिस सरगर्मी से आरोपी बाइक सवार को तलाशने सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# चरगवां में मिली युवक की लाश

**शराब पीने का आदी था युवक**

**जबलपुर यश भारत ।** चरगवां थाना अंतर्गत भडपुरा घाट में एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया आनन–फानन में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला जांच में लिया। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि युवक शराब पीने का आदी था और पारिवारिक स्थिति डांवाडोल थी। पीएम रिपोर्ट में भी पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल में जुटी है। चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बघराई निवासी 40 वर्षीय वर्क बलवान उर्फ बड्डू 2 दिन से घर से गायब था परिजनों ने जब युवक को यहां वहां खोजा और वह नहीं मिला तो इसकी सूचना थाने में दी गई जिसके बाद ग्राम महगमा के भडपुरा घाट में उतरती लाश मिली आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद आरोपी की शिनाख्त दी हुई।

पुलिस ने बताया युवक शराब पीने का आदी था और हाथ काटने के कारण वह कोई काम भी नहीं कर पा रहा था स्थिति यह थी कि वह अपने परिवार का भरण पोषण करने में भी सक्षम नहीं था जिसके चलते शायद तनाव में आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल करने में जुटी है।

# दहेज लोभियों की बलि चढ़ी थी नेहा

**ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर की थी आत्महत्या**

**जबलपुर यश भारत।** पनागर में रहने वाली युवती ने अपने ससुराल वालों से प्रताड़ित होकर आत्महत्या की थी। मर्ग जांच में इस बात का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए हैं। पुलिस ने बताया कि पिपरिया कु शनेर में रहने वाली 24 वर्षीय नेहा केवट ने 6 जनवरी की शाम 7.30 बजे अपने घर पर आत्महत्या करने की नियत से सल्फास खा ली थी। जिससे नेहा की हालत बिगड़ गई और परिजन उसे मेडिकल अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। नेहा द्वारा जीवित अवस्था में दिए गए बयान और मौत के बाद उसके मायके वालों के कथनों के आधार पर पता लगा कि नेहा का पति उमेश, सास अनीता, ससुर मुकेश और ज्येठ कुंदन शादी के बाद से ही उसे कम दहेज लाने की बात का उलाहना देक र छोटी–छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करते थे, जिससे त्रस्त होकर नेहा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसी आधार पर ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# ढाई लाख का कर्ज 5 साल से उतार रहे

**पासबुक एटीएम से सूदखोर निकाल लेता है पैसा**

**जबलपुर यश भारत।** बेलबाग थाना अंतर्गत फूटा ताल निवासी एक अधेड़ महिला ने 5 साल पहले क्षेत्र के सूदखोर से ढाई लाख कर्ज लिया था। कर्जा उतारने सूदखोर ने बैंक पासबुक और एटीएम भी जाप्त कर लिए लेकिन अचरज की बात है की अभी तक पैसे देने के बाद भी मूलधन नहीं उतरा ,जिसके बाद पीड़ित आज मंगलवार को एसपी ऑफिस पहुंचे। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया ह। जानकारी अनुसार शशि बेन निवासी फूटा ताल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 5 साल पहले घर में पैसों की जरूरत पढ़ने पर उसने सूदखोर से 2 लाख 50 हजार का कर्ज लिया था कर्ज चुकाने के लिए पासबुक और एटीएम सूदखोर ने जप्त कर लिए और मूलधन चुकने के बाद भी सूदखोर हर महीने उनकी पासबुक और एटीएम से पैसे निकाल लेता है जिसके चलते स्थिति यह है कि वह अब रोड में आ चुके हैं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है।

# पिता पुत्र ने मिलकर किया हथियार से वार

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती में पुराने विवाद को लेकर पिता पुत्र ने हंगामा करते हुए एक युवक से जमकर मारपीट कर दी और जब मन नहीं भरा तो किसी नुकीले हथियार से वार कर युवक को बुरी तरह घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद जान से मारने की धमकी देकर दोनों मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

# 25 लाख की जालसाजी

**जबलपुर यश भारत।** माढोताल में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर एक शातिर जालसाज के द्वारा 25 लाख रुपए हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है एक जालसाज ने दूसरे की जमीन का फर्जी वसीयतनामा तैयार किया और उक्त जमीन का सवा करोड रुपए में सौदा कर दिया पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बिहारी लाल रजक ने शिकायत दर्ज कराई है कि घमापुर निवासी राजेंद्र तिवारी ने माढोताल मैं उसे एक जमीन दिखाई और उक्त जमीन का फर्जी वसीयतनामा दिखाते हुए जमीन बेचने की बात कही। इसके बाद राजेंद्र तिवारी ने बिहारी लाल रजक से उक्त जमीन का सौदा 1 करोड़ 25 लाख रुपए में तय कर लिया। उसके बाद अलग अलग तारीखों में राजेंद्र तिवारी ने 25 लाख रुपए बिहारी लाल रजक से ले लिए। रुपए लेने के बाद भी राजेंद्र तिवारी रजिस्ट्री नहीं करा रहा था7 जिसके बाद संदेह होने पर बिहारी लाल ने पतासाजी की तो पता चला कि राजेंद्र तिवारी ने फर्जी वसीयतनामा तैयार करके उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 25 लाख रुपए हड़प लिए हैं।

## कार्यपालन यंत्री श्री राजेश गुप्ता का निधन

**जबलपुर।** नगर निगम परिवार के प्रमुख सदस्य, मर्दुभाषी कार्यपालन यंत्री श्री राजेश गुप्ता का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा संजीवनी नगर निवास स्थान से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची। जहां अंतिम संस्कार किया गया ।



## श्री राधाकृष्ण शर्मा का निधन

**जबलपुर।** केसर विहार कॉलोनी अमखेरा निवासी श्री राधाकृष्ण शर्मा का निधन हो गया। वे दीपक शर्मा टिम्मी, दिनेश शर्मा, और रज्जू शर्मा के पिता थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम फिंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो. 9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
यहां दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएं उपलब्ध :-

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
पता:- 1933, प्रेम मंदिर के पास राइट टाउन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219, 7691912082

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला - गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
लक्ष्मी एम्पोरियम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरूम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)